श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 283, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 09 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योग: साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

### पीएम मोदी ने जी-20 के नए लोगो-थीम और वेबसाइट का किया अनावरण

## 'भारत के पास लोकतंत्र के संस्कार'



**नई दिल्ली:** भारत एक दिसंबर से जी20 की अध्यक्षता संभालेगा। इससे पहले मंगलवार को पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जी20 के नए लोगो-थीम और वेबसाइट का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जी-20 का ये लोगो केवल एक प्रतीक चिन्ह नहीं है बल्कि ये एक संदेश है। ये एक भावना है, जो हमारी रगों में है। ये एक संकल्प है, जो हमारी सोच में शामिल रहा है। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि एक दिसंबर से भारत जी20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है इसलिए आज इस समिट की वेबसाइट, थीम और लोगो को लांच किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**भारत के लिए यह बड़ा अवसर:** पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि जी20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य, विश्व की 85% जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी20 उन 20 देशों का समूह है, जो विश्व के 75% व्यापार का प्रतिनिधित्व करता है और भारत अब इस जी20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है। जी-20 के लोगो-थीम और वेबसाइट के अनावरण के मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि आजादी के इस अमृतकाल में देश के सामने ये कितना बड़ा अवसर आया है। ये हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है, गौरव बढ़ाने वाली बात है।

**भारतवासियों के सुझाव वैश्विक आयोजन का चेहरा बन रहे:** पीएम मोदी ने कहा कि आज जो लोगो का लांच हुआ है, उसके निर्माण में भी देशवासियों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि हमने लोगो के लिए देशवासियों से उनके बहुमूल्य सुझाव मांगे थे। आज वो सुझाव इतने बड़े वैश्विक आयोजन का चेहरा बन रहे हैं।

**लोगो और थीम के जरिए दुनिया को दिया संदेश**

पीएम ने कहा कि इस लोगो और थीम के जरिए हमने दुनिया को एक संदेश दिया है। युद्ध के लिए बुद्ध ने जो संदेश दिया था और हिंसा के प्रतिरोध में महात्मा गांधी के जो समाधान हैं, जी20 के जरिए भारत उनकी वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊर्जा दे रहा है।

### 'भारत के आयुर्वेद, योग को लेकर दुनियाभर में एक नया उत्साह और भरोसा'

पीएम मोदी ने कहा कि आज विश्व इलाज की जगह आरोग्य की तलाश कर रहा है। भारत के आयुर्वेद, योग को लेकर दुनियाभर में एक नया उत्साह और भरोसा है। उसके विस्तार के लिए हम एक वैश्विक व्यवस्था बना सकते हैं। भारत विश्व का इतना समृद्ध और सजीव लोकतंत्र है। इसके साथ ही हमारे पास लोकतंत्र के संस्कार भी हैं, और मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में गौरवशाली परंपरा भी है। इस मौके पर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत न केवल विकसित देशों के साथ घनिष्ठ रिश्ते रखता है बल्कि विकासशील देशों के दृष्टिकोण को भी अच्छी तरह से समझता है, उसकी अभिव्यक्ति करता है।

**'जी20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का एक प्रमुख मंच'**

पीएम ने कहा कि जी20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का एक प्रमुख मंच है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।

## ट्यूशन फीस हमेशा कम होनी चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

### शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है और ट्यूशन फीस हमेशा कम होनी चाहिए



**नई दिल्ली:** शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है और ट्यूशन फीस हमेशा कम होनी चाहिए, सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए ये बात कही। राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में ट्यूशन फीस को 24 लाख रुपये प्रति वर्ष बढ़ा दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने याचिकाकर्ता नारायण मेडिकल कॉलेज और आंध्र प्रदेश पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए इसे छह सप्ताह की अवधि के भीतर अदालत की रजिस्ट्री में जमा करने का आदेश सुनाया। पीठ ने कहा कि फीस को बढ़ाकर 24 लाख रुपये प्रति वर्ष करना, यानी पहले तय की गई फीस से सात गुना अधिक करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है। ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए।

**कॉलेज और राज्य सरकार की याचिका खारिज:** शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कॉलेज द्वारा दायर एक याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें एमबीबीएस छात्रों की ट्यूशन फीस बढ़ाने के सरकार के फैसले को खारिज कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने माना था कि आंध्र प्रदेश प्रवेश और शुल्क नियामक समिति नियम, 2006 के प्रावधानों पर विचार करते हुए समिति की सिफारिशों/रिपोर्ट के बिना शुल्क को बढ़ाया/निर्धारित नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ट्यूशन फीस का निर्धारण या समीक्षा करते समय कई कारकों जैसे पेशेवर संस्थान का स्थान, पेशेवर पाठ्यक्रम की प्रकृति, उपलब्ध बुनियादी ढांचे की लागत पर विचार करना आवश्यक है।

## यूपी: कंपनियां दवाएं उपलब्ध नहीं करा पा रही



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाइज कारपोरेशन से दवा आपूर्ति का ठेका लेने वाली कंपनियां दवाएं उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं। ऐसे में अस्पतालों में दवाओं की कमी बनी हुई है। कारपोरेशन एक के बाद एक दवा कंपनी को डिबार कर रहा है। सप्ताहभर में दो कंपनियों को डिबार किया जा चुका है। प्रदेश में दवाओं की मांग के आधार पर कारपोरेशन टेंडर जारी करता है। अलग- अलग कंपनियां इसमें हिस्सा लेती हैं। कम दर पर गुणवत्तापरक दवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी को आपूर्ति की जिम्मेदारी दी जाती है। तत्कालिक तौर पर कंपनियां जिम्मेदारी ले लेती हैं लेकिन कुछ समय बाद वे दवाओं की आपूर्ति से कतराने लगती हैं। ऐसे में अस्पताल में दवाओं की कमी हो जा रही है। ऐसे मामलों को देखते हुए कारपोरेशन प्रबंधन ने दवा आपूर्ति कंपनियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सप्ताहभर में दो कंपनियों को डिबार किया गया है। दो नवंबर को मधुमेह के मरीजों को दी जाने वाली मेटफार्मिन हाइड्रोक्लोराइड 500 एमजी टैबलेट आपूर्ति न करने पर एएनजी लाइफ साइंसेज इंडिया नामक कंपनी को बैन किया था। अब दर्द निवारक डाइक्लोफिनेक सोडियम इंजेक्शन की आपूर्ति करने वाली एरियान केयर को डिबार किया गया है। इस कंपनी ने तीन अक्तूबर 2020 से दो अक्तूबर 2022 तक के लिए दवा आपूर्ति करने की जिम्मेदारी ली थी लेकिन छह दिसंबर 2021, 16 मार्च 2022 और 13 जून 2022 को आर्डर देने के बाद भी इंजेक्शन की आपूर्ति नहीं की गई। ऐसे में कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक ने कंपनी को दो साल के लिए डिबार कर दिया है।

## 'कोरोना: दूसरी लहर में दवाओं की मांग बढ़ी थी'



**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि बीते साल अप्रैल में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मध्यम और गंभीर रोगियों के इलाज के लिए रेमडेसिविर और ऑक्सीजन जैसी जीवन रक्षक दवाओं की मांग बढ़ गई थी। गृह मंत्रालय 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना वायरस की दूसरी लहर के दौरान रोगियों के बेहतर इलाज के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से समन्वय किया गया था। मध्यम और गंभीर रोगियों के लिए मेडिकल ऑक्सीजन की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न हितधारकों से भी बातचीत हुई थी।

**गृह मंत्रालय ने उठाए कई कदम:** रिपोर्ट में कहा गया, 'अप्रैल 2021 से कोरोना के मामलों की रफ्तार बढ़ रही थी। इसके चलते कोविड रोगियों के इलाज के लिए मेडिकल ऑक्सीजन, रेमडेसिविर और अन्य जीवन रक्षक दवाओं की मांग बढ़ गई थी।' गृह मंत्रालय ने बताया कि उसने आवश्यक मेडिकल ऑक्सीजन के साथ-साथ रेमडेसिविर समेत जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त और लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि मंत्रालय ने प्लांट से मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति और बिना रुकावट आवाजाही के लिए समन्वय किया। इसके अलावा औद्योगिक उद्देश्य के लिए मेडिकल ऑक्सीजन के उपयोग को प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए।

**विदेश से एयरलिफ्ट किए गए बड़े टैंक:** रिपोर्ट में कहा गया कि गृह मंत्रालय ने स्वीकृत आवंटन योजना के अनुसार देशभर में मेडिकल ऑक्सीजन की आवाजाही की सुविधा प्रदान की। रेमडेसिविर और अन्य जरूरी दवाइयों की आपूर्ति के लिए भारतीय वायुसेना के जरिए विदेश से उच्च क्षमता वाले टैंक लाए गए। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जिला कलेक्टरों को बंद पड़े ऑक्सीजन उत्पादन प्लांट को फिर से शुरू करने की सलाह दी गई।

## भारत में गजवा-ए-हिंद नहीं चलेगा: बाबा रामदेव

**रोहतास:** बिहार के सासाराम में बाबा रामदेव ने कहा कि भारत में गजवा-ए-हिंद नहीं चलेगा। सर तन से जुदा वालों को ठीक करने के लिए मोदी और अमित शाह ही काफी हैं। वे रोहतास के जिला मुख्यालय के पायलट बाबाधाम में 111 फीट ऊंची प्रतिमा के अनावरण समारोह में पहुंचे थे। यहां उन्होंने अन्य साधु-संतों के साथ समारोह को संबोधित किया। बाबा रामदेव ने लगभग 15 मिनट का भाषण दिया। इसी दौरान उन्होंने ये बातें कही। बाबा रामदेव ने कहा कि कई लोग मुझसे मिलते हैं ।

### हर मिनट में 11 आरटीआई, सूचना देने से मना करने के केस निपटाने में 24 साल तक लग रहे

## सूचना के अधिकार का हो रहा तिरस्कार




**नई दिल्ली: देश में हर साल तकरीबन** 40 से 60 लाख आरटीआई (राइट टू इन्फॉर्मेशन) दाखिल हो रही हैं यानी हर मिनट लगभग 11 आवेदन। मगर चौंकाने वाली बात ये है कि सूचना देने से इनकार करने के मामले निपटाने में कई-कई साल लग रहे हैं। मसलन, पश्चिम बंगाल में अगर 1 जुलाई 2022 को ऐसी शिकायत की जाए, तो उस पर फैसला आने में 24 साल 3 महीने लगेंगे। जबकि, महज एक साल पहले तक यह अवधि 4 साल 7 महीने ही थी। सतर्क नागरिक संगठन द्वारा सूचना आयुक्तों के प्रदर्शन को लेकर जारी ताजा रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि पर्याप्त स्टाफ नहीं होने से शिकायतों का अंबार बढ़ता जा रहा है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में स्थिति कुछ बेहतर है, फिर भी 8-9 महीने इंतजार करना पड़ेगा।

**कारण- 11 में से 9-9 पद तो महीनों से खाली हैं:** आरटीआई के तहत हर राज्य सूचना आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त व 10 तक सूचना आयुक्त होने चाहिए। महाराष्ट्र में मुख्य सूचना आयुक्त समेत 5 का स्टाफ है। केंद्रीय सूचना आयोग में दिसंबर 2019 में 4 पद खाली थे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 3 महीने में भरने को कहा था, लेकिन अब तक अमल नहीं।

## पृथ्वी बचाने में सभी एकजुट होकर दें सहयोग: यूएन

**शर्म-अल-शेख (मिस्र):** संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने मिस्र के शर्म-अल-शेख में चल रहे 27वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में चेतावनी देने के साथ साफ कहा कि पृथ्वी बचाने का यह आखिरी मौका है और सभी देशों को एकजुट होकर सहयोग की राह पर चलना होगा। सम्मेलन में भारत के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जलवायु परिवर्तन के वैश्विक प्रभाव को लेकर चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने कहा कि पृथ्वीवासी तेजी से अपनी जिंदगी की जंग हार रह रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों को लिए पृथ्वी को बचाने का यह अंतिम अवसर है। यदि हम अभी सहयोग न कर सके तो नरक में जलेंगे, क्योंकि अब आपसी सहयोग के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं है। दुनिया में सर्वाधिक प्रदूषण फैलाने वाले चीन और अमेरिका पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये देश उत्सर्जन में कमी लाकर मानवता को नष्ट होने से बचाएं। उन्होंने साफ कहा कि सभी देशों को जलवायु के मसले पर एकजुट होकर समझौता करना चाहिए, क्योंकि सभी एक साथ आत्मविनाश के रास्ते पर चल ही रहे हैं।

## एमपी में 2023 में फिर खिलेगा कमल: सिंधिया



**भोपाल:** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मध्य प्रदेश में वर्ष 2023 में फिर कमल का फूल खिलेगा। हम साथ में बैठकर जीत का संकल्प लेंगे और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श करेंगे। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया मंगलवार को भोपाल में भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक में शामिल होने के लिए पार्टी कार्यालय पहुंचे थे। कोर ग्रुप की बैठक में शामिल होने के लिए पार्टी सभी बड़े नेता और पदाधिकारी भाजपा कार्यालय पहुंचे हैं। केंद्रीय मंत्री सिंधिया बैठक शुरू होने के कुछ देर बाद ही अचानक बाहर निकल आए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इसके पहले उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में 2023 में होने वाला विधानसभा चुनाव में हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और शिवराज सिंह के नेतृत्व में ही जीत का परचम लहराएंगे। इसके बाद सिंधिया वहां से रवाना हो गए। इस बैठक से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सिंधिया मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके बीच प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट के माध्यम से इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि निवास पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मेरे निवास पर भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार संबंधी विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

**भाजपा एक जीवंत राजनैतिक दल है:** कोर ग्रुप की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा एक जीवंत राजनैतिक दल है, जहां 365 दिन काम होता है। संगठन के विस्तार की दृष्टि से राजनीतिक दृष्टि से, आगामी चुनावों की दृष्टि से, विचार-विमर्श नियमित रूप से होता रहता है। उन्होंने मप्र में निगम मंडल की नियुक्तयों को लेकर कहा है कि यह मामला पार्टी के संज्ञान में है।

## धोरो में एक साथ गरजे 13 फाइटर जेट



**जोधपुर:** जोधपुर एयरबेस भारत और फ्रांस एयरफोर्स के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास गरुड़ 7 की मेजबानी कर रहा है। बीते एक सप्ताह से जारी इस युद्धाभ्यास के दौरान मंगलवार को दोनों देशों के वायुसेना प्रमुख लड़ाकू विमान उड़ाकर एयर पावर दिखाए। मंगलवार सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर जोधपुर एयरबेस से पांच राफेल, पांच सुखाई और तीन तेजस फाइटर जेट ने उड़ान भरी। इस दौरान करीब एक घंटे तक आसमान में रीफ्यूलिंग की प्रैक्टिस की गई। खास बात ये भी रही कि इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने राफेल और फ्रांसीसी एयरफोर्स 'फ्रेंच आर्मी डे एयर' के चीफ जनरल स्टीफन ने सुखाई में उड़ान भरी।

**जोधपुर में दूसरा मौका...:** सोमवार को दिल्ली स्थित वायुसेना मुख्यालय में दोनों देशों के चीफ की मुलाकात हुई। दोनों ने युद्धाभ्यास, आपस में सहयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# पौड़न गांव में जमीनी विवाद को लेकर चले लाठी-डंडे एक की मौत , कई घायल

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव/प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र के पौड़न गांव में मंगलवार सुबह जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई वही एक पक्ष से एक युवक के सिर में गम्भीर चोट लगने से युवक इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पौड़न थाना उतरांव निवासी रामजी भारतीय व भूषण्ड निवासी पप्पू हरिजन में जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है।

मंगलवार सुबह लगभग 8:30 बजे जमीन को लेकर दोनों पक्षों में आपसी कहासुनी हुई जिसमें दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। वही जमकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष के विवेक कुमार उर्फ चुन्नू भारतीय के सिर में गंभीर चोट आई। वही परिजन आनन फानन गम्भीर रूप से घायल युवक के इलाज के लिए निजी अस्पताल में भागे जहां हालत नाजुक देखते हुए



घटनास्थल पर जमा भीड़ व मौजूद पुलिस।

डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान विवेक कुमार उर्फ चुन्नू भारतीय की मौत हो गई । मौत की खबर जब परिजनों में हुई तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल से शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वही मृतक युवक के परिजनों ने स्थानीय थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। मृतक विवेक कुमार चार भाइयों में सबसे छोटा था। जो दूसरे राज्य में किसी कंपनी में काम करता था तथा दीपावली पर त्यौहार मनाने के लिए अपने घर आया था। अभी मृतक युवक की शादी नहीं हुई थी युवक की मौत से माता फोटो देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस लगातार आरोपियों के घर दबिश दे रही है। खबर लिखे जाने तक कोई भी आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आया है।

## भागवत कथा के समापन पर हवन एवं हुआ भंडारा

**सहसों।** संगीतमय चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा क्षेत्र के चंदौहां गांव में शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी के संयोजन में संपन्न हुआ। कथा के समापन पर आवाहित देवी-देवताओं की प्रसन्नता एवं कल्याण हेतु यज्ञ हवन यज्ञशाला में बने हवन कुंड में आचार्य एवं पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण से हवन सामग्री की आहुति किया गया। इस अवसर पर यज्ञशाला में बने हवन कुंड में मुख्य यजमान पंडित यज्ञ नारायण द्विवेदी एवं श्रीमती जयन्ती द्विवेदी सहित समस्त परिवार के साथ देवी देवताओं की प्रसन्नता, पारिवारिक सुख समृद्धि एवं शांति के साथ स्वयं तथा जन कल्याण के लिए वेद मंत्रों के साथ हवन की आहुति डाली। तत्पश्चात श्रीमद्भागवत पुराण एवं श्री हरि तथा समस्त देवी देवताओं को समर्पित करते हुए भोग लगवा कर विशाल भंडारे का आयोजन कर भोजन प्रसाद श्रद्धालु भक्त श्रोताओं में कराया गया। जिसमें क्षेत्र के समस्त श्रोता भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर भगवान का प्रसाद पाकर कृतार्थ हुए। इस अवसर पर कथा व्यास डॉक्टर विशुद्धानन्द ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा कि स्वयं के कल्याण के साथ-साथ जनकल्याण हेतु हर मानव को चाहिए।

# अवंतिका कालोनी को अलग वार्ड बनाये जाने की जोरदार माँग

### जनतंत्र की अनदेखी बर्दास्त नही

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में कॉलोनी की मूलभूत सुविधाओं एवं समस्याओं को लेकर आयोजित बैठक रविवार को सामुदायिक भवन मे शिव शंकर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन बद्री प्रसाद मिश्रा ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहाकि अवंतिका कालोनी की जनसंख्या को ध्यान मे रखते हुए नगर निगम द्वारा अलग वार्ड बनाया जाना चाहिए, अगर ऐसा नही हुआ तो निगम परिसीमन मे जनतंत्र की अनदेखी बर्दास्त नही होगी। प्रशासन के कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त करते हुए विनोद शंकर तिवारी ने कहाकि वार्ड नम्बर 40 नैनी ददरी के परिसीमन पर पुनर्विचार कर अवंतिका कालोनी को अलग




वार्ड घोषित करके यहा के निवासियों को मताधिकार का मौलिक अधिकार देना जनहित एवं न्यायहित में होगा।

परिसीमन पर आपत्ति जताते हुए राजेश सिंह ने बताया कि प्रशासन के साथ ही जन प्रतिनिधियों को भी जनभावनाओं से अवगत कराया गया लेकिन उचित निस्तारण की सम्भावना नही लग रही है। उन्होंने वार्ड के नामकरण पर भी आपत्ति जताई। युवा नेता हिमांशु मिश्रा ने समिति के कार्यपद्धति की प्रशंसा करते हुए युवकों की ओर से पूर्ण सहयोग व सहभागिता की बात कही। बैठक के आयोजक दीपक पटेल ने सामुदायिक केंद्र में एक हैंडपंप लगवाने की मांग करते हुए पार्क सहित सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा हेतु जन जागरूकता पर बल दिया।

बैठक मे वरिष्ठ पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ला, डी के सिंह, संजीव गुप्ता, धीरज शुक्ला, मीना जायसवाल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा सुनील साहनी, सुभाष चंद्र, विजयानंद शुक्ला, आशीष मोसेस, राजीव पटेल, अंशुल सिंह, अंजनी पटेल, विकास तिवारी, आशुतोष मिश्रा, चन्दन, श्रवण पटेल, अखिलेश पटेल, अतुल सोलंकी सहित कई युवा साथी मौजूद रहे।

# शैक्षिक भ्रमण से होता है वास्तविक ज्ञान:प्रकाश चंद्र

### मध्य प्रदेश के धारकुंडी,पूर्वा फाल, टाइगर सफारी आदि जगहों का बच्चों ने किया भ्रमण



**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** सिंधी टोला में स्थित न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम कुशलतापूर्वक संपन्न हो गया। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान बच्चे काफी उत्साहित दिखे। बता दें कि न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल की तरफ से संस्था में अध्ययनरत बच्चों को सोमवार को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया।बताया गया कि बच्चों को सतना जिले के धारकुंडी परमहंस आश्रम , रीवा जिले के बसामन मामा (गोवंश वन्य विहार) मध्यप्रदेश के सेमरिया के पास तमसा नदी पर स्थित पूर्व फाल तथा मुकुंदपुर में विश्व प्रसिद्ध व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण के दौरान बच्चों को प्राकृतिक दृश्य व पारिस्थितिकी तंत्र , धार्मिक सांस्कृतिक विरासत, भ्रमण शारीरिक व मानसिक लाभ आदि की जानकारी देते हुए टाइगर सफारी तक ले जाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मि श्रा ने कहा कि बच्चों के भ्रमण से उनके बौद्धिक विकास के साथ उनमें कई प्रकार के ज्ञान, प्रकृति प्रेम व अपने देश की सभ्यता संस्कृति, वन्यजीवों व वनस्पतियों की क्षमता का विकास होता है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुज मिश्रा, निकेता पांडे, राहुल राव, शुसांत व र्मा, बीएल सोनी, अंजू केसरवानी,सत्या सोनी, इन्द्रजीत मिश्रा सहित कुछ अन्य शिक्षक शिक्षिका व काफी छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

### सुदर्शन समाज सेवा संस्थान ने महर्षि सुपच सुदर्शन की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया

**सिरसा/प्रयागराज।** प्रयागराज बलुहाघाट में सुदर्शन समाज सेवा संस्थान द्वारा महर्षि सुपच सुदर्शन जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सुदर्शन समाज के लोगो ने प्रातः काल आठ बजे बलुहाघाट स्थित सुदर्शन जी की प्राचीन मंदिर में मालार्पण कर पूजा-पाठ अर्चना किया गया। और प्रसाद वितरण किया गया। एवं गुरुजी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर समाज के लोगो ने बच्चों के उच्च शिक्षा की ओर अग्रसारित होने के लिये प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में सुदर्शन के लोगो ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया। जहा पर मुख्य रूप से राकेश सुदर्शन, अनिल सुदर्शन, प्रेम सुदर्शन, विकास महतो, विनोद राणे, मुकेश सुदर्शन, गौतम पसेरिया, आदर्श सुदर्शन, पप्पू मढेल, चैधरी माता प्रसाद, सोनू महतो,श्रीमती सुमन सुदर्शन, पप्पू गोड़ारे, श्रीमती निर्मला सुदर्शन, सुमन देवी, नीलम महतो आदि लोग उपस्थित रहे।

# युवक की निर्मम हत्या का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुनापार व क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत सिंह व रडऋ प्रभारी रणजीत सिंह के नेतृत्व में थाना करछना व रडऋ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 07 नवम्बर 2022 की रात्रि में हरई बेन्दो मार्ग पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बीते 17 अक्टूबर को क्षेत्र के मदार्पुर गांव स्थित अनमोल ढाबे के पास सूरज गुप्ता पुत्र स्व० ओम प्रकाश गुप्ता निवासी पी.पी. रोड़ बक्सर बिहार का सिर विहीन शव प्राप्त होने की घटना का मुख्य अभियुक्त फिरोज अहमद स्कूटी से अपने घर पचदेवरा आ रहा है। सूचना पर रफडिग्री कालेज के पास पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान

### दो साथी अब भी पुलिस के पहुंच से दूर , मृतक के कटे सिर का नहीं हो पाई खोज



स्कूटी से आ रहे व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया। जिस पर उसके द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो कर गिर पड़ा। पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश की शिनाख्त फिरोज अहमद पुत्र दाऊद अंसारी निवासी पचदेवरा थाना करछना के रूप में हुई। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा दो जिन्दा कारतूस एक खोखा कारतूस, एक स्कूटी बिना नम्बर प्लेट की बरामद की गई। घायल बदमाश को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है ! प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्त फिरोज द्वारा बताया गया कि उसने अपने दो साथियों शिव बाबू व शमशेर के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम दिया था। अभियुक्त फिरोज के विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 24 अभियोग पंजीकृत हैं, तथा उसके ऊपर वर्तमान में काफी कर्ज भी है। जेल में निरुद्ध रहने के दौरान अन्य अपराधियों के संपर्क में आकर तथा टीवी सीरियल आदि से सीख लेकर उसने योजना बनाई की यदि वह अपनी कद काठी के किसी व्यक्ति की हत्या कर उसकी शिनाख्त स्वयं के रूप में करा दे तो वह अपने मुकदमों वाकज से हमेशा के लिए मुफ्त हो जाएगा। और वह कहीं जाकर अपना जीवयापन कर सकता है। इसी क्रम में छिवकी रेलवे स्टेशन पर इसकी मुलाकात सूरज गुप्ता से हुई। फिरोज अपनी बातों में लेकर सूरज गुप्ता को शराब पिलाकर अपने साथियों के साथ उक्त ढाबे पर आया जहां इन लोगों द्वारा उसकी नृशंस हत्या कर दी। साथ ही पहचान छिपाने के उद्देश्य से मृतक का सिर धड़ से अलग कर उसका गुप्तांग काट दिया गया तथा शव को पेट्रोल डालकर जला दिया। लोग शव को फिरोज का शव समझें इसलिए फिरोज द्वारा शव के पास ही अपना पर्स जिसमें उसका ड्राइविंग लाइसेंस था उसे छोड़ दिया था। लेकिन करछना पुलिस व उच्च अधिकारियों द्वारा मृतक सूरज गुप्ता के सिर की खोजवीन अभी तक नहीं कर पाई है। घटना में शामिल दो आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार तलाश कर रही है। फरार चल रहे दोनों आरोपी के गिरफ्तार होने के बाद ही हो सकता है कटे सिर की भी पता चल सका हालांकि मंगलवार को मुख्य आरोपी फिरोज अहमद के निशान देही पर करछना पुलिस मरदापुर गांव में नाले में मृतक का सिर तलाश करने में जुटी रही लेकिन नाले में पानी अधिक होने के कारण सिर तलाश करने में सफलता नहीं मिली।



## तभी सुधरेगा समाज जब होंगी महिला जागरूकता

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** महिलाओं को स्वावलंबी शिक्षित कर उनकी आर्थिक स्थित को मजबूत बनाना हमारा पहला प्रयास है।उक्त बातें चिल्ला गौहनी गांव स्थित बैठक में शिवरानी शिक्षा एवं समाज कल्याण सेवा समिति(नारी शक्ति) की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रवाती ने कहा।बैठक को संपन्न करने के बाद दान और धर्म को बढ़ावा देने के लिए भंडारा का आयोजन भी किया।उन्होंने यह भी कहा की हर महीने की 7 तारिक को अलग अलग गावों में बैठक कर दया,दान और धर्म को बढ़ाने के लिए भंडरा का आयोजन भी किया जाता है।समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांशु गुप्ता ने कहा कि मानव जाति को हर माह अन्य दान करना चाहिए।भंडारे का आयोजन इन्द्रकली के घर पर किया गया।इस मौके पर निर्मला देवी,कैकेयी,खुशबु, रेखा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान गर्जना रैली में देश के कोने-कोने से पहुंचे किसान - शिवकांत दीक्षित

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/ प्रयागराज।** कोरांव भारतीय किसान संघ की स्थापना के बाद से ही किसानों के उत्थान को लेकर संघ सदैव काम करता चला आ रहा है। देश के किसानों की समस्याओं के निदान के लिए सरकारों से अपनी मांग रख रहा है। लेकिन दुखद है कि देश का भंडार व पेट भरने वाले किसान आज भी लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य के लिए अपनी आहुति दे रहा है किंतु सभी सरकारें विफल रही है। कहा कि किसानों को लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिलाने व अन्य कई मांगों को लेकर दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में आगामी 19 दिसंबर को किसान गर्जना रैली का आयोजन किया गया

### कोरांव में संपन्न हुई भारतीय किसान संघ की प्रांत स्तरीय बैठक

है। यह बातें भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश उत्तराखंड शिवाकांत दीक्षित ने प्रयागराज जनपद के विकासखंड कोरांव में स्थित देवघाट बेलन नदी के तट पर पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस पर आयोजित संघ की प्रांत स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। प्रांत संगठन मंत्री शिवकांत दीक्षित ने कहा कि संघ किसान गर्जना रैली के माध्यम से सरकार को आगाह करेगा कि लागत के आधार पर किसानों को लाभकारी मूल्य दिया जाय, वर्ष में 6000 रुपए मिलने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि मध्य प्रदेश की तर्ज पर बढ़ाई जाय, कृषि यंत्रों को जीएसटी के दायरे से बाहर लाया जाय, पराली कानून में कार्यवाही से पहले निहित प्रावधानों से लाभान्वित कराया जाय, किसानों के उत्पाद बिक्री की समुचित व्यवस्था की जाय, इसके साथ ही आगामी मार्च से चलने वाले अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि पूरे देश में नशा मुक्त मानव जहर मुक्त खेती का अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत पूरे देश के किसानों को जागरूक किया जाएगा। बैठक को भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के प्रांत अध्यक्ष इंद्रासन सिंह, अखिल भारतीय राष्ट्रीय मंत्री भानु प्रसाद थापा ने किसानों को जैविक खेती की पद्धति अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि हाइब्रिड बीजों का उपयोग न करें। रासायनिक उर्वरकों से अनेकानेक बीमारियां फैल रही है। जिससे आज देश का हर आदमी पंगु बनता चला जा रहा है। जिसको लेकर जैविक खेती पर बल दिया गया। बैठक को प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री कुंवर सिंह, प्रांत महामंत्री काशी अखिलेश सिंह, जिलाध्यक्ष प्रयागराज महा नारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, जिला उपाध्यक्ष मनस्वी सिंह, प्रांत महिला प्रमुख उर्मिला सिंह, जिला महिला सह प्रमुख अंतिमा, जिला मंत्री अतुल सिंह, जिला प्रचार प्रमुख धीरज सागर, जिला सह मंत्री प्रेम शंकर पटेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, ब्लाक प्रचार प्रमुख मनीष वर्मा सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। प्रांत स्तरीय बैठक का संचालन काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह के द्वारा आए हुए सभी अखिल भारतीय एवं प्रांत स्तरीय पदाधिकारियों का स्वागत कर आभार जताया गया। काशी प्रांत के पदाधिकारियों समेत स्थानीय किसान मौजूद रहे।

### मझुआ गांव में इंटरलॉकिंग चक मार्ग पर दबंगों ने कार्य रोका- एसडीएम से शिकायत

**करछना।** विकासखंड के ग्राम पंचायत मझुआ में प्रधान द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य में गांव के कुछ दबंग लोगों द्वारा दबंगई के बल पर चक मार्ग पर चल रहे कार्य को जबरन रोक दिया है जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान बनवारीलाल पटेल ने उप जिलाधिकारी करछना से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है प्रधान द्वारा एसडीएम से की गई शिकायत में मझुआ गांव में चक मार्ग संख्या 313 पर पूर्व में सरकारी खड़ंजा का निर्माण कराया गया था जो काफी जर्जर हो जाने के कारण उक्त मार्ग पर इंटरलॉकिंग का कार्य चल रहा है आधे से ज्यादा कार्य पूर्ण हो चुका है तथा गांव के मनोज कुमार कमलेश कुमार कृष्ण कुमार आदि लोगों ने दबंगई के बल पर उक्त मार्ग पर इंटरलॉकिंग कार्य रोक दिया है तथा प्रधान को धमकी भी दी जा रही है जबकि उक्त मार्ग पर राजस्व टीम के लेखपाल द्वारा सीमांकन भी किया जा चुका है इसके बावजूद भी गांव के दबंग लोगों द्वारा विकास कार्य में बाधा पहुंचाई जा रही हैं उपजिलाधिकारी ने राजस्व टीम एवं पुलिस द्वारा उक्त मार्ग पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था ढंग से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश जारी किया है ग्राम प्रधान बनवारी लाल पटेल ने बताया कि दबंगों के खिलाफ उप जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है



# प्रगतिशील किसान ने कूड़ विधि से की बुवाई

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के थानापुर गांव में प्रगतिशील किसान ने नगदी खेती के लिए हल बैल से कूड़ विधि से बुवाई की। प्रगतिशील किसान दिनेश कुमार सिंह ने नगदी फसल मटर तथा धनिया के लिए हल बैल से कूड़ विधि को अपनाते हुए बुवाई की। उन्होंने बताया कि इस विधि से बुवाई करने से बीज पूरी तरह से खेत की मिट्टी में चला जाता है तथा उसका जमाव भी बहुत अच्छा होता है। इसके अतिरिक्त देखरेख में आसानी तथा उपज भी बढ़िया होती है। उन्होंने कहा मटर की अच्छी किस्म की बुवाई के बाद धनिया की बुवाई भी करेंगे। जिसके लिए खेत तैयार कर लिया है। इसके अलावा चार बिस्वा आलू की अगेती खेती व्यवसायिक उद्देश्य से लगाकर खेती की है जो दिसंबर के अंतिम सप्ताह में निकलने की उम्मीद है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक संपन्न, नगर पंचायत चुनाव को लेकर बनाई गई रणनीति

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** नगर पंचायत भारतगंज में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष माननीय कुशल जैन जी के नेतृत्व में समीक्षा बैठक एवं नगर पंचायत के होने वाले चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों के चयन और विजई बनाने के लिए रणनीति बनाने के साथ-साथ अल्पसंख्यकों के समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मुद्दों पर चर्चा की गई ।नगर पंचायत भारतगंज में स्थित भाजपा कार्यालय पर चांद मोहम्मद उर्फ चंदू भाई की अध्यक्षता में अल्पसंख्यकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा यमुनापार जिला अध्यक्ष माननीय कुशल जैन ने आगामी होने वाले नगर पंचायत चेयरमैन और वार्ड सदस्य चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर चर्चा की तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया इस मौके पर मुख्य अतिथि माननीय जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा श्री कुशल जैन



जी ने कहा कि भाजपा अल्प संख्यकों के हित में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रखी हैं जिससे काफी लोग लाभान्वित हो रहे हैं और भविष्य में भी विश्वास दिलाया कि अल्पसंख्यकों के साथ भाजपा विश्वास पूर्वक कार्य करेगी भारतगंज कस्बा वासियों ने कॉलोनी आवंटन के नाम पर की जा रही अवैध वसूली के बारे में जिला अध्यक्ष जी को अवगत कराया जिस पर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा श्री कुशल जैन प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को हिदायत दिया कि वह निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक पात्र लोगों को कॉलोनी आवंटन कराएं यदि कोई भी अधिकारी कर्मचारी या नगर पंचायत से जुड़े वार्ड सदस्यों द्वारा धन उगाही की कोशिश की जाती हैं तो उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करा कर जेल भेजने की भी व्यवस्था की जाएगी इस मौके पर चांद मोहम्मद चंदू भाई ने विश्वास दिलाया कि भारतगंज कस्बे के वार्ड सदस्य और चेयरमैन केरूपमें जिसे भी भाजपा उतारेगी वह निश्चित ही विजई होकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करेगा इस मौके कई वार्ड सदस्य दावेदारों ने भाजपा प्रत्याशीबनाए जाने हेतु अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जिला महामंत्री यमुनापार श्री शकील अहमद एडवोकेट ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए लोगों को आश्वस्त किया कि भाजपा निश्चित ही सर्व समाज को लेकर विकास के पथ पर अग्रसर हो रही है।

# भारतीय किसान संघ की पहल पर जैविक खाद बना रहे स्वयं सहायता समूह

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** भारतीय किसान संघ की पहल पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा गांवो में संचालित हो रहे स्वयं सहायता समूह जहां जैविक खेती पर बल दे रहे हैं, वही जैविक खाद का उत्पादन भी शुरू कर दिया है। मंगलवार को कोरांव के देवघाट गांव में स्थित बेलन नदी के तट पर पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस पर भारतीय किसान संघ काशी प्रांत की बैठक में जैविक खाद बनाने के कार्य को लेकर खूब सराहना की गई और किसानों से जैविक खाद का प्रयोग कर ही खेती करने पर बल दिया गया। उजाला आजीविका ग्राम संगठन राजपुर कोरांव प्रयागराज के द्वारा निर्मित उजाला केंचुआ खाद सर्वोत्तम खाद की पहल भारतीय किसान संघ ने की थी। जिस पर जैविक खाद का उत्पादन कोरांव में शुरू हो गया है। भारतीय किसान संघ की प्रांतीय बैठक में जैविक खाद बनाने वाली स्वयं



### प्रांत स्तरीय बैठक में जैविक खाद तैयार करने की खूब हुई सराहना

सहायता समूह की महिलाओं का हौसला अफजाई भी किया गया। साथ ही जैविक खाद का प्रयोग करने की अपील की गई। उत्पादन कताओं ने नारा दिया है कि उजाला केंचुआ खाद का है वादा अब फसलों में लागत कम उत्पादन ज्यादा करने के लिए जैविक खाद का ही प्रयोग करें। उत्पादन कताओं ने 5 किलो जैविक खाद का मूल्य 75 रुपए निर्धारित किया है। इस दर से खाद की बिक्री की जाएगी। भारतीय किसान संघ काशी प्रांत की महिला प्रमुख उर्मिला सिंह के द्वारा जैविक खाद का उत्पादन किया जा रहा है जिसकी लोगों ने खूब सराहना की।

# पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह का किया पदार्फाश, टीम ने 5 शातिरों को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के उतरांव थानाक्षेत्र की पुलिस व एसओजी संयुक्त टीम ने ट्रक लूट गिरोह के 5 शातिर बदमाशों को दबोचा है। इनके पास से पुलिस ने तीन लूटे गए ट्रक, लूट में उपयोग की गई स्विफ्ट डिजायर कार, दो तमंचा, 5 जिंदा कारतूस और 4 लोहे की रॉड बरामद की है। इस गिरोह के सदस्य मिनटों में ट्रक ड्राइवर को अगवाकर ट्रक गायबकर देते थे और फिर उसे खोलकर कुछ घंटे में ही अलग-अलग पुर्जे बेच देते थे।



पुलिस लाइन्स में प्रेसवार्ता करते अधिकारिगण।

**24 अक्टूबर को उतरांव हाईवे से लूटी थी 14 चक्का ट्रक**

प्रयागराज के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय ने बताया कि उतरांव थानाक्षेत्र में 24 अक्टूबर को उतरांव हाईवे से 14 चक्का ट्रक लूटी गई थी। कार से चार बदमाशों ने ट्रक को ओवरटेक कर ड्राइवर को बंधक बना लिया गया था। घटना का पता लगाने के लिए उतरांव थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम प्रयास कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर एसओजी की संयुक्त टीम ने मंगलवार को ट्रक लूट की घटना में शामिल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

एसओजी की टीम ने शमशीर पुत्र मोहम्मद मशीद (20), निवासी देल्हूपुर प्रतापगढ़, अनीश (28) पुत्र मसीउल्लाह निवासी ढोमा थाना मान्धाता प्रतापगढ़, गिरजा शंकर यादव उर्फ नकुल (28) पुत्र माता प्रसाद यादव निवासी छपाहीबाग सुल्तानपुर, मेराज पुत्र (24) मोहम्मद मारूफ, निवासी दारापुर, मान्धाता प्रतापगढ़ व समीर (19) पुत्र नशीम निवासी कुल्हीपुर थाना देल्हूपुर प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है।

**चेसिस नंबर बदलकर दूसरे राज्यों में बेच देते हैं लूटी गई ट्रक**

एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि मोहब्बत दिलबहार पुत्र जुमई निवासी कुल्हीर थाना मांधाता, प्रतापगढ़ गैंग का सरगना है। इसके दो भाई मसीद व आजाद गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। तीनों ने ट्रक लूट की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। तीनों इस समय जेल में बंद है। इस गैंग में कुल 15 से 20 सदस्य हैं जो संगठित होकर हाईवे पर आने जाने वाले ट्रकों को निशाना बनाते हैं और ट्रक के आगे अपनी कार खड़ी कर लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। ट्रक ड्राइवर को तमंचे की नोक पर अपनी कार में बैठा लेते हैं और सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तक ड्राइवर की आंखों में पट्टी बांधकर व उसके हाथ पैर बांधकर कार में इधर-उधर घुमाते रहते हैं। ट्रक जब सुरक्षित स्थान पर पहुंच जाती है तब ड्राइवर को किसी सुनसान जगह पर फेंक देते हैं। इसके बाद लूटी गई ट्रकों को मध्य प्रदेश और बिहार में ले जाकर चेचिस नंबर बदल कर बेच देते हैं। इसके अलावा कई बार ट्रकों को डिस्मेंटल कर उसके अलग-अलग पुर्जे भी बाजारों में बेच देते हैं। लूटे गए ट्रकों का प्रयोग पशु तस्करी में करते थे। इस घटना का सफल अनावरण करने में उतरांव थाना प्रभारी श्रवण कुमार, एसओजी प्रभारी राजेश उपाध्याय, एसओजी प्रभारी गंगा पार इंद्र प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

## शराबियों के आतंक से महिलाओं का घर से बाहर निकलना दुश्वार, व्यापारी भी त्रस्त

### पटहट रोड पर स्थित शराब की तीनों दुकानों का स्थान बदलवाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ उद्योग व्यापार कल्याण समिति ने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र सौंपकर पटहट रोड पर स्थित शराब की तीनों दुकानों को स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि शराब की दुकानों पर दिन-रात शराबियों का जमघट लगा रहता है, जिसके कारण घर से महिलाओं, बेटियों का बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। इसके अलावा शराबियों की हरकतों से आसपास की दुकानों पर शराबियों के द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता की जाती है। शराबियों की हरकतों की वजह से महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलना चाह रही हैं। व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है । आसपास के दुकानदार अपना कारोबार नहीं कर पा रहे है। यह लोग ग्राहकों से भी बदसलूकी करते रहते हैं। पूर्व में भी उक्त प्रकरण को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।शंकरगढ़ उद्योग व्यापार कल्याण समिति के तत्वावधान में नगर पंचायत शंकरगढ़ की उक्त गंभीर होती जा रही समस्या को लेकर व्यापार मंडल के सतीश चंद्र केसरवानी,शंकरगढ़ व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, महामंत्री रतन केसरवानी, जय केसरवानी, सराफा व्यापारी जगदीश सोनी, दीपक केसरवानी, दिनेश कुमार सिंह, आशा सिंह, सुशील, संतोष कुमार, महेश आदि ने जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री से मुलाकात की और अपना पीड़ा बताई। जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## पुलिस ने शराब की दुकानों के पास किया पैदल गस्त

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा पुलिस ने मेजारोड अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों के आस पास पैदल गश्त कर चेकिंग किया। बता दें कि पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार की शाम प्रभारी निरीक्षक मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र ने पुलिस सिपाहियों के साथ मेजारोड बाजार मे पैदल गश्त कर चेकिंग किया। चेकिंग में बाजार के अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों के आस पास पैदल गश्त करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से पुछताछ किया और तलाशी ली। कोतवाल ने बताया कि शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस की संदिग्धों पर नजर रहेगी। बेवजह आस पास दिखे लोगों को हिदायत दिया गया। जिससे कि शांति व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा, कांस्टेबल अरविंद चौबे, कांस्टेबल शाहिद खान मौजूद रहे।



## बारा पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** बारा पुलिस ने बैंकों व बैंक की शाखाओं में चेकिंग अभियान चलाया, साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की।बता दें कि, मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक बारा अनिल कुमार वर्मा ने पुलिस टीम के साथ बारा के बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक,मिनी शाखा, एसबीआई में विशेष चेकिंग अभियान चलाया।चेकिंग अभियान में संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की गई।प्रभारी निरीक्षक ने बैंक कर्मचारियों से भी आह्वान किया कि वे किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें,ताकि प्रभावी कार्यवाही की जा सके।कोतवाल बारा अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि बदमाशों की नजर बैंकों पर रहती है।बैंक से रुपए निकालकर जाने वाले ग्राहकों के साथ वे घटनाओं को अंजाम देते हैं।थाना प्रभारी ने बैंक में लगे सुरक्षा उपकरणों की भी जाँच पड़ताल किया।उन्होंने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस को तत्काल सूचित करें, ताकि उसके खिलाफ कार्यवाही की जाये।

## बाइक से सामान खरीदने आया युवक को मारा पीटा और बाइक तोड दी

**मऊआइमा।** बाइक से सामान खरीने बाजार आए युवक को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया और बागक तोड कर जान से मारने की धमकी दी गई। युवक ने दो नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी निवासी जीशान अख्तर पुत्र अख्तर हुसैन का कहना है कि उनके घर पर मेहमान आए थे। जीशान का आरोप है कि वह हरिसेनगंज बाजार से सामान खरीद करके घर जा रहा था तभी रास्ते में कई लोग रोक कर उसे मारने पीटने लगे और बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिए। तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। जीशान अख्तर ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर कलुआपुर निवासी मोनू पटेल पुत्र राधेश्याम, हरिसेनगंज निवासी धर्मेन्द्र कुमार तथाअन्य अज्ञातों के खिलाफ विभन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# फिट इंडिया मिशन के तहत मेजा ऊर्जा निगम ने किया वॉकथॉन एवं योग कार्यशाला का आयोजन

### स्वस्थ जीवन शैली के लिए कर्मचारी योग का अभ्यास करें- केदार रन्जन पांडु





**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम मे फिट इंडिया इनिशिएटिव के तहत योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, नेति क्रिया, शक्ति योग के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अलावा सृजन विहार आवासीय परिसर मे वॉकथॉन का आयोजन भी किया गया।केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मेजा ऊर्जा निगम, बतौर मुख्यअतिथि कार्यशाला मे शामिल हुए। अपने सम्बोधन मे उन्होने सभी कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग और प्राणायाम का अभ्यास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, उन्होंने फिट इंडिया इनिशिएटिव के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सभी प्रतिभागियों की सराहना की ।उल्लेखनीय है कि फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 के तहत मेजा ऊर्जा निगम मे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे थ्रो बॉल, फ्रेंडली क्रिकेट मैच आदि का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम मे पीयूष कुमार, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), अजीत बसक, महाप्रबंधक (प्रचालन), गुरु प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस), प्रदीप कुमार साबत, महाप्रबंधक (अनुबंध और सामग्री), संजय शुक्ला, महाप्रबंधक (मैकेनिकल इरेक्शन), अखिल केपी पटनायक, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अपराजिता महिला समाज के उपाध्यक्ष, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेटी का नेट जेआरएफ में मिली सफलता से परिजन समेत लोगों में हर्ष

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन करते हुए प्रतिभाशील बेटी ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यूजीसी नेट द्वारा आयोजित 2021-22 नेट जेआरएफ की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहसों निवासिनी वर्तिका शुक्ला पुत्री जय कृष्ण शुक्ला ने 99.46 फीसदी अंक प्राप्त कर परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया। 10 अक्टूबर को नेट जेआरएफ की आयोजित परीक्षा में प्रतिभावान वर्तिका शुक्ला ने कड़ी मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त की। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता बड़े भाई प्रोफेसर अभिषेक शुक्ला तथा छोटे भाई आशुतोष शुक्ला सहित गुरुजनों एवं परिवारीजनो को दी है।



नेट जेआरएफ में सफल वर्तिका शुक्ला।

## घूरपुर की गरिमा मौर्य ने किया जेआरएफ क्वालीफाई

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** क्षेत्र के अमरेहा गांव निवासी किसान संतोष कुमार की बेटी गरिमा मौर्या ने जेआरएफ क्वालीफाई करके अपने परिवार के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है । गरिमा मौर्या ने शुरूआती शिक्षा गांव से की और स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से की । साइकोलॉजी से एमए करने के बाद गरिमा ने जेआरएफ क्वालीफाई किया । गरिमा की सफलता से परिजनों में खुशी की लहर है ।



जेआरएफ क्वालीफाई गरिमा मौर्य।

## प्रयागराज सेवा फाउंडेशन अध्यक्ष ने नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख बहरिया को बधाई दिया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा का श्री प्रयागराज सेवा फाउंडेशन के संस्थापक/ अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद तिवारी जी ने प्रयागराज स्थित उनके कार्यालय पर मंगलवार को पहुंचकर विजय हेतु बधाई दिया कुशल मंगलमय शुभकामना प्रेषित किया।इस अवसर पर प्रियांशू तिवारी ग्राम प्रधान गारापुर, पिंटू मिश्रा, पमपम सिंह, शत्रुघ्न शुक्ला आदि लोग कार्यालय पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला चनेथू जंघई प्रतापपुर प्रयागराज ने दिया है।



# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावलियों को लेकर बैठक सम्पन्न

### पुनरीक्षण कार्यक्रम की विशेष अभियान तिथियां 12, 20, 26 नवम्बर एवं 04 दिसम्बर, 2022

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षदेव पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 09 नवम्बर, 2022 से चलने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बताया गया कि अर्हता दिनांक 01.01.2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यावधिक रखना, अर्ह व्यक्तियों का नाम शामिल करना, अनर्ह व्यक्तियों का नाम हटाना तथा लिपिकीय त्रुटियों को शुद्ध करना है।

### निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 09 नवम्बर को



प्रतिनिधियो के साथ बैठक करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी हषदेव पाण्डेय।

बैठक में बताया गया कि अब वर्ष में 4 अर्हक तिथि जो क्रमशः 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। यथा एक पात्र व्यक्ति जो 01.01.2023 वर्ष में पश्चातवर्ती अर्हता तारीखों अर्थात 01 अप्रैल, 2023, 01 जुलाई, 2023, 01 अक्टूबर, 2023 में से किसी को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है, वह भी सूचना की तारीख से अग्रिम में प्रारूप-6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा कर सकेगा। उप जिलाधिकारी निर्वाचक अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण सम्बंधी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 09.11.2022 को, दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 09.11.2022 से 08.11.2022 तक, पुनरीक्षण अवधि में दावे/आपत्तियों को प्राप्त किए जाने हेतु 12.11.2022, 20.11.2022, 26.11.2022, 04.12.2022 को विशेष तिथियां निर्धारित की गयी है। दावे और आपत्तियों की जांच/निस्तारण 26.12.2022 तक किया जायेगा। पूरक सूचियों का मुद्रण, फोटो आदि सम्पूर्ण कार्यवाही 03.01.2023 है। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 05.01.2023 को किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी अर्ह व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न होने पाये तथा कोई भी अनर्ह व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाये। इस अवसर पर सभी उपजिलाधिकारीगण, अपर नगर मजिस्टेटगण तथा अन्य सम्बंधित अधिकारीगणों के अलावा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## हर्रो टोलप्लाजा पर हुई मारपीट, टोलकर्मियों ने दो भाइयों को किया घायल

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के रीवा हाइवे पर स्थित हर्रो टोलप्लाजा पर टोल टैक्स को लेकर टोलकर्मियों व वाहन स्वामियों से आये दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। रविवार रात को भी टोलकर्मियों द्वारा दो सगे भाइयों की पिटाई की गई।सूचना पर बारा पुलिस मौके पर पहुंची और तीन टोलकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। क्षेत्र के कूड़ी निवासी अनीश सिंह पटेल और रजनीश सिंह पटेल पुत्रगण कमलाकर सिंह पटेल अपने निजी वाहन से नारीबारी की ओर गये थे और जब रात को दोनों भाई लौटने लगे। हर्रो टोलप्लाजा पर टोल टैक्स को लेकर टोलकर्मियों से विवाद हो गया।टोलकर्मियों में विनीत पाठक निवासी ओसा थाना बारा और अम्बुज सिंह व आदर्श सिंह ने मारपीट की थी। इस मारपीट में दोनों भाई चोटहिल हुए थे।विवादित स्थल पर तब तक गाँव के लोग भी पहुँचे और टोलकर्मियों के विरुद्ध हाइवे पर धरना प्रदर्शन करने लगे। स्थिति बिगड़ते देख थाना प्रभारी निरीक्षक बारा अनिल कुमार मौके पर पहुंच गए और धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को शांत कराया।

# राधे-राधे रॉक बैंक ने दशाश्वमेध घाट पर मचाया धमाल, सूर्या के गानों पर थिरकने लगे भक्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** देव दीपावली के पर्व पर दारागंज स्थित दशाश्वमेध घाट लाखों दीपक जलने से जगमगा उठा। एक साथ जलती हुई लाखों दीपक अपनी तरफ लोगों को आकर्षित कर रहे थे वहीं दूसरी तरफ राधे राधे रॉक बैंड मुंबई की धूम नए भक्ति में माहौल का समा बांध दिया, प्रसिद्ध भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे ने एक से एक भक्ति गीत गाकर लोगों को भाव विभोर कर दिए, ऐसा प्रतीत हो रहा था दशाश्वमेध घाट सहित आसपास के इलाकों में भक्ति की बयार बह उठी चारों तरफ भक्ति में गीतों का जय जयकार होने लगा । सजा दो घर को गुलशन मेरे सरकार आए है..सज गए सारे गंगा घाट अवसर आया देव पर्व का ,राम तेरी गंगा मैली हो गई, मगल भवन अमगल हरी जैसे कई भजनों को सुनाकर तालीया बटोरी। आपको बताते चलें कि प्रसिद्ध भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे को नमामी गंगे व गंगा विचार मंच द्वारा गंगा वाणी रत्न 2022 से सम्मानित किया गया। गंगा विचार मंच, व नामामिगंगे के तत्वाधान में ये कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनामिका चौधरी, सांसद केसरी देवी पटेल भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसवानी,गगन निषाद,कैप्टन सुनील अवधेश निषाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे । इन्हीं लोगों के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



सम्मानित होते भजन गायक सूर्य प्रकाश द्विवेदी।

## सर्पदंश से 5 वर्षीय मासूम की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोहदी ग्राम सभा में घर के अंदर सोते समय सर्पदंश से मासूम की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी मुंशीलाल केसरवानी का 5 वर्षीय बेटा अभी सोमवार की रात घर के अंदर चारपाई पर सो रहा था। उसी दरमियां जहरीले सर्फ ने मासूम के पैर में डस लिया। थोड़ी देर बाद शरीर में जलन हुई तो मासूम चीखने चिल्लाने लगा। जिसकी आवाज सुनकर परिजनों में जगहट हुई तो देखा सर्फ घर के कोने में जाकर बैठा था। परिजनों ने आनन-फानन में पास के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुई तो मेजा स्थित एक अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। सूचना होने पर करछना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के सहमति से शव को पोस्टमार्टम भेज दिया।

## ऐतिहासिक धरोहर पैरों तले रौंदी जा रही पशुओ से

**लालापुर।** सरकार लाखों -करोंडों रुपए खर्च कर ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने में लगी परंतु लालापुर क्षेत्र स्थित चिल्ला गौहनी गांव में आल्हा-ऊदल का अखाड़ा पशु बाड़ा बन गया है।पशुओं से परेशान किसानों ने आवारा पशुओं को तीन दिन से अंदर बंद किया है।गांव में निवास करने वाले कर्मचारी ग्रामीणों के डर से पशुओं को बाहर निकालने की हिम्मत भी नहीं जुटा पा रहे हैं। लालापुर क्षेत्र के चिल्ला गौहनी गांव में आल्हा-ऊदल का अखाड़ा स्थित है।जो अब पुरातत्व विभाग के देख-रेख में है।पुरातत्व विभाग ने देख रेख के लिए कर्मचारी तैनात किया है।तीन दिन से गांव के ग्रामीण आवारा पशुओं को इकट्ठा कर महल के अंदर बंद कर दिए हैं।वीरगाथाओं की कहानी व वीरता के गीतों में अपना स्थान रखने वाले आल्हा ऊदल के महल का ये हाल होगा कोई कल्पना नहीं कर सकता ।परंतु आज उनका भी मन दुखित होगा जो वीरगाथाओं की कहानियाँ सुनकर गर्व से सीना चौड़ा करते थे।ग्रामीणों के डर से स्थानीय कर्मचारी भी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

# सिख समाज ने धूमधाम से मनाया गुरुनानक देव का 553वां आगमन

## नगर में निकाली गई शोभायात्रा, बाबागंज व बलीपुर गुरुद्वारा में हुआ सबद कीर्तन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गुरुद्वारा गुरूसिंह सभा पंजाबी कालोनी से गुरुनानक देव महाराज जी के 553वें आगमन पुरब पर सुबह आठ बजे अखण्ड पाठ साहिब का समापन हुआ। नौ बजे सहज पाठजी के समापन की अरदास उपरांत कीर्तन दरबार सजाया गया जिसमे हजूरी रागी भाई मनोहर सिंह ने अपने जत्थे के साथ कीर्तन किया।

सुबह साढे.गयारह बजे हजूरी रागी नानक शाही बाबागंज के विपिन प्रीत सिंह ने कीर्तन किया। साढे. बारह बजे सरदार अखण्ड सिंह ने शबद गायन किया मंजीत कौर ब उनके बच्चो ने भी शबद गायन किया। दोबजे शिवानी मातन हेलिया ने भजन गायन किया। ढाई बजे से लखनऊ से पधारे भाई सुखप्रीत सिंह ने अपने जत्थे के साथ कीर्तन किया व गुरु


नगर में निकली शोभायात्रा में शामिल पंज प्यारे।

इतिहास बताया। आठ वर्षीय बच्ची सुखलीन कौर अमोलक सिंह की पुत्री ने गुरुनानक साहिब की पेंटिग बनाकर गुरुद्वारा साहिब को भेट की जिसे सभी ने बहुत सराहना किया । साढे. तीन बजे अरदास उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरण किया गया। पौने चार बजे गुरुद्वारा सिंह सभा से एक विशाल नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई जो अपने शानो शौकत के साथ एक नगर कीर्तन शोभायात्रा गुरुग्रंथ साहिब की सरपरस्ती व पंच प्यारो के नेतृत्व निकाली गई। नगर कीर्तन का मुख्य आकर्षण फूलों इस सजे रथ पर गुरुग्रंथ साहिब की सवारी, पुरुषों एवम महिलाओं के कीर्तनी जत्थे जो गुरु साहिब जस गायन करते चल रहे थे। नगर कीर्तन शोभायात्रा में सिख समाज के अलावा सभी समाज के बंधु शामिल होकर शोभा बढ़ा रहे थे। नगर में जगह जगह जलपान के स्टाल लगाए गए। कीर्तनी जत्थे गुरु महाराज की उत्सत्त के शब्द कीर्तन गायन करते हुए चल रहे थे। सबद कीर्तन गायन कर रहे थे। शोभायात्रा शुरू होकर राजपाल टंकी, श्रीराम तिराहा चैक घंटा घर, गुरुनानक चैक भंगवा चुंगी होते हुए गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का नेतृत्व गुरुद्वारा के प्रधान कुलदीप सिंह, परमजीत सिंह राजू, सविंदर सिंह बग्गा, जसबीर सिंह विक्की, सतनाम सिंह ,कुलजीत सिंह, रघुबीर सिंह, रमन जीत सिंह, कुलदीप सिंह शंटी, मंजीत सिंह गोबिंद आदि मौजूद रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने कालाकांकर गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

### सुदक लगने के कारण बंद रहे मंदिर के कपाट

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर के पवित्र गंगानदी में मंगलवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और अपने पुण्य धोये चंद्रग्रहण लगने के कारण सुबह आठ बजे से सुदक लगने से श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे स्नान कर दान पुण्य किया सुदक लगने के कारण मन्दिर के कपाट बन्द थे।

गंगातट किनारे राजभवन के पास छोटी मोटी सामानों व खाने पीने की दुकानें लगी हुई थी। स्नान करने के बाद श्रद्धालुओ ने मां गंगा की पूजन अर्चन कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। श्रद्धालुओ की सुरक्षा में नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी दल बल के साथ मौजूद रहे जिसमे महिला पुलिस मेले व गंगातट किनारे घूम घूम कर भ्रमण करते रहे ताकि किसी प्रकार की कोई घटना न घट सके। गंगा में गहरे पानी के पास नाव को तैराकी मल्लाहों को लगा दिया गया था। स्नान का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। इसी क्रम में कार्तिक पूर्णिमा पर नवाबगंज थाना के बाजिदपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया जिसमे सभी प्रकार की दुकाने लगती है। मेला प्रन्धक प्रकाशचन्द


कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु।

त्रिपाठी ने बताया कि मेला कई दशक से लगता चला आ रहा है जिसमें आये हुए दुकानदारों व मेलार्थियों की पूरी सुरक्षा को ध्यान में रखा जाता है शरारती तत्वो पर कमेटी के सदस्य निगरानी करते रहते हैं, जिसमें नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने मेले की सुरक्षा के लिये उप निरीक्षक व महिला व पुरुष सिपाही की डियूटी लगा रखी है। मेला सकुशल सम्पन्न होने से सभी को राहत मिली।

## सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने के लिये डीएम को दिया गया पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**दिलीपपुर, प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम के ग्राम सभा बशीरपुर में मुख्य मार्ग से शुल्लान बस्ती को को जोड़ने के लिए लगभग 50 वर्ष पहले सार्वजनिक रास्ता बनाया गया था जिससे होकर लोगो का आवागमन होता था। इसी रास्ते से गांव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चे भी आते जाते थे। बस्ती से मुख्य मार्ग को जाने के लिए यही एकमात्र चैड़ा रास्ता बना था। इस रास्ते के बगल के कास्तकार ने खेत में छुट्टा जानवरों से बचाव के लिए बाड़ लगाने के बहाने पूरे रास्ते को बंद कर दिया जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में रास्ता खुलवाने की मांग की है।

## पराली प्रबन्धन पर किसान गोष्ठी आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** अवधेशपुरम (ऐंठू) में पराली प्रबन्धन पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेती-बारी में मजदूरों की घटती संख्या तथा समय पर मजदूरों की अनुपलब्धता किसानों को धान की कटाई के लिए मशीन का उपयोग करना मजबूरी हो जाती है। उन्होंने बताया कि मशीन या हार्स्वेस्टर से धान की कटाई करने पर मशीन खेतों में पराली छोड़ जाती है। धान निकालने के बाद पराली दुबारा से हटाना किसानों के लिए किसी भी दृष्टि से लाभकारी नहीं है। अगर ऐसी कम्बाइन हार्वेस्टर मषीनें विकसित की जायें जो धान निकालते वक्त पराली भी खेत से हटा लें तो पराली किसानों के लिए अतिरिक्त आय का साधन हो सकता है। इस अवसर पर दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के सचिव मनीष सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रदीप सिंह, डॉ अवधेश सिंह, अरूण शुक्ला, राम आसरे, जीतलाल, फूलचन्द्र यादव, मनोज विष्वकर्मा, महेश मौर्या, गंगू प्रसाद, राम खेलावन, जमुना प्रसाद यादव आदि किसान उपस्थित है।

# कृष्णा सीमेंट की टीम को एस 9 ने 11 रन से दी शिकस्त

## विधायक राजेंद्र मौर्य व भाजपा नेता संतोष मिश्रा ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अभिमान स्पोर्ट्स एंड वैलनेस फाउंडेशन और वीएसजे इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में आयोजित प्रतापगढ़ क्रिकेट लीग सीजन 4 का मगंलवार को टूनामेंट का फाइनल मैच खेला गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र मौर्य विधायक सदर, जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा, विशिष्ट अतिथि शिव प्रकाश व संतोष मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता, सदर विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्या, अंशुमान सिंह रहे।

राघवेंद्र शुक्ला, आशीष श्रीवास्तव, रवीश मिश्रा, अश्विनी राणा, अविनाश शर्मा, अलाउद्दीन, विवेक त्रिपाठी, विभूति, सुदीप, रामजी मिश्रा, एल आई ओ इंस्पेक्टर ओपी सिंह सहित बहुत सारे खिलाड़ी और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

फाइनल मैच के उद्घाटन के पी सिंह सीओ बहराइच रहे। फाइनल


विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते विधायक राजेन्द्र मौर्य।

मैच में एस 9 कंस्ट्रक्शन और कृष्ण सीमेंट एजेंसी में जबरदस्त खेल का उदाहरण देते हुए फाइनल मैच को खेला, जिसमें कृष्ण सीमेंट एजेंसी ने टॉस जीतकर एस 9 कंस्ट्रक्शन को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया एस 9 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 130 रन बनाए। 8 विकेट के नुकसान पर जिसमें अमन पांडेय ने 33 और संदीप सरोज ने 32 रनों का योगदान दिया। कृष्णा सीमेंट एजेंसी की ओर से दानवीर सिंह ने 3 और रितिक व अभिनव ने दो-दो सफलताएं अर्जित की।

लक्ष्य का पीछा करते हुए कृष्णा सीमेंट एजेंसी ने भी निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 130 रन ही बनाए, जिसमें विशाल रावत ने 44 और सोनू बाला ने 33 रनों का योगदान दिया। एस 9 कंस्ट्रक्शन की ओर से ज्ञानेंद्र और अभिनव शर्मा ने 2-2 सफलताएं अर्जित की, मैच को टाई करा दिया। जिसके बाद सुपर ओवर खेला गया जिसमें कृष्णा सीमेंट एजेंसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 1 ओवर में 8 रन बनाए। 2 विकेट खोकर एस 9 कंस्ट्रक्शन ने भी 1 ओवर में आठ ही रन बनाए और मैच को एक बार फिर से टाई करा दिया। जिसके कारण इस मैच का दूसरा सुपर ओवर खेला गया जिसमें एस 9 कंस्ट्रक्शन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 1 ओवर में 21 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया इसके जवाब में कृष्णा सीमेंट एजेंसी 1 ओवर में मात्र 9 ही रन बना सके, इस तरीके से एस 9 कंस्ट्रक्शन ने इस रोमांचित फाइनल मैच को 11 रनों से जीत लिया। कार्यक्रम का समापन के अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज ने धन्यवाद ज्ञापित किया समारोह का संचालन आयोजन समिति के अध्यक्ष आदित्य शुक्ला पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी ने किया।

## पट्टी में एंबुलेंस चालकों ने 188 स्वस्थ लोगों को बना दिया मरीज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस के फेरों में हेर-फेर के बाद पट्टी में फजीर्वाड़ा सामने आया है। सेवा प्रदाता कंपनी इस मामले में जांच के घेरे में आ गई है, जिसकी जांच चल रही है। पट्टी में कुल 188 ऐसे मरीज मिले जिन्हें फर्जी माना जा रहा है वही इस मामले का खुलासा होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। स्वास्थ्य महकमे की तरफ से प्रसूता गर्भवती तथा अन्य स्त्री रोग से पीड़ित महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने तथा ले जाने के लिए 102 एंबुलेंस तथा सामान्य रूप से एक्सीडेंट तथा अन्य प्रकार के हादसों तथा मरीजों को जाने के लिए डायल 108 एंबुलेंस शासन की तरफ से चलाया जा रहा है। सेवा प्रदाता कंपनी को एंबुलेंस के फेरों के हिसाब से पैसा मिलता है। इसके पहले प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आदेश के बाद फजीर्वाड़ा का मामला की जांच शुरू हुई थी जांच में एंबुलेंस चालकों की मनमानी सामने आई है। फेरो को बढ़ाने के चक्कर में एंबुलेंस कर्मियों ने नया खेल कर दिया है। पट्टी तहसील की बात की जाए तो यहां पर कुल 1170 मरीजो में 188 मरीज फर्जी पाए गए हैं। बीते 3 महीनों में आंकड़ों पर गौर करें टीम 188 स्वास्थ्य लोगों को भी विभाग ने फजीर्वाड़ा करते हुए मरीज बना दिया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीएम शुक्ला का कहना है कि जिन मरीजों को एंबुलेंस कर्मियों ने घर से अस्पताल पहुंचाने का दावा किया है उनकी कॉल डिटेल लखनऊ से आई थी उनके मोबाइल पर बात करने के बाद वे खुद ही बीते 6 माह के भीतर एंबुलेंस सेवा लेने से इंकार कर रहे हैं ऐसे में जो रिपोर्ट सीएससी अधीक्षक दे रहे हैं उसे शासन को भेजने की तैयारी की जा रही है।

# सुबह पांच बजे से ही धुआं बिखेरने लगी थी नगर पालिका की गाड़ियां

### डेंगू के हॉट स्पाट क्षेत्रों में भोर से ही हुई सघन फागिंग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डेंगू के बढ़ते प्रभाव को लेकर शासन-प्रषासन गंभीर हो गया है और निरोधात्मक कार्यवाही की कार्यषैली भी बदली गई है। अभी तक नगर पालिका शाम को शहर में फागिंग करती थी लेकिन आज मंगलवार को शहर के डेंगू प्रभावित मोहल्लों में सुबह पांच बजे से ही नगर पालिका की फागिंग की गाड़ियां घूमने लगी थी। उस समय ज्यादातर लोग सो रहे थे।

सड़क पर केवल प्रातःकालीन टहलने वाले ही दिखाई दे रहे थे। इसका लाभ लेते हुए नगर पालिका की फागिंग गाड़ियां शहर के बेगम


हॉट स्पाट क्षेत्रों में सुबह से फागिंग का धुआं उड़ाती गाड़ियां।

वार्ड, घोसियाना वार्ड, अजीत नगर व चैक क्षेत्र में सुबह पांच बजे से सघन फागिंग की गई। इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शासन के आदेषों के अनुपालन में नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में फागिंग करने वाले कर्मचारियों को मंगलवार को भोर में ही बुला लिया गया था, फिर जिन-जिन क्षेत्रों में डेंगू का प्रभाव है, वहां सघन फागिंग कराई गई। घोसियाना वार्ड में सभासद कासिम भी फागिंग के समय पहुंचे थे और चैक में फागिंग के समय कुछ भीड़ अवष्य दिखाई दी। उसमें से ज्यादातर लोग सुबह टहलने वाले लोग थे। सुबह-सुबह फागिंग देखकर ज्यादातर लोग आष्चर्यचकित थे। लगभग ढाई घंटे तक नगर पालिका की गाड़ियां डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में धुआं उड़ाती रही।

## प्रसूता की मौत को लेकर पुलिस को है पीएम रिपोर्ट का इंतजार

### सुविधा शुल्क के नाम पर इलाज में लापरवाही को लेकर भाई ने पुलिस को दी है तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला चिकित्सक द्वारा इलाज में लापरवाही के आरोप को लेकर प्रसूता की मौत पर दूसरे दिन भी उसके मायके तथा ससुराल मे कोहराम मचा दिखा। मृतका के दो मासूम बच्चे ननिहाल मे मां की याद में सुबकते भी दिखे। मासूमों का सुबकना देख लोगों की आंखे भर आयी। वही पुलिस मृतका के शव के पीएम रिर्पोट का इंतजार कर रही है। हालांकि मृतका के भाई ने महिला चिकित्सक पर पत्नी के इलाज के नाम पर सुविधा शुल्क पूरा न दे पाने पर लापरवाही बरतने को मौत का कारण कहा है। लालगंज कोतवाली के खानापटटी पूरे नेवाज खां में नंदलाल गुप्ता की पत्नी रीता गुप्ता प्रसव के कारण इन दिनों यहां मायके आयी थी। सोमवार को रीता को तकलीफ बढ़ी तो भाई मुकेश गुप्ता उसे लेकर लालगंज सीएचसी पहुंचा। यहां आरोप है कि डयूटी पर तैनात महिला चिकित्सक डा. शिल्पी सिंह ने सामान्य प्रसव कराए जाने की बात कहते हुए मुकेश से दस हजार रुपए की मांग की। मुकेश ने आननफानन में दो हजार रुपए डॉक्टर को दिया।

इस बीच मृतका के इलाज मे विलम्ब होता गया और आपरेशन के दौरान उसकी हालत बिगडने लगी। तब महिला चिकित्सक ने मृतका को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल मे डाक्टरो ने रीता को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उसका शव लेकर फिर लालगंज सीएचसी आ गये। सीएचसी में घंटो मृतका का शव रखकर परिजन आरोपी डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। तब कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे मे लेकर मृत्यु का कारण पता लगाने के लिए पीएम के लिए भेजवाया। मंगलवार को मृतका के शव का पीएम हुआ। पुलिस का कहना है कि पीएम रिर्पोट मिलने के बाद इस मामले में जरूरी कार्रवाई की जाएगी। इधर अस्पताल प्रशासन मंगलवार को इस मामले में खामोशी मे दिखा। अंदर ही अंदर महिला चिकित्सक को बचाए जाने की कवायद भी जरूर चलती रही। मृतका रीता का विवाह लीलापुर थाने के खरगपुर गांव में नंदलाल गुप्ता के साथ हुआ था।

## अवैध कब्जों को चिन्हित कर उसें करें बेदखल: जिलाधिकारी

### जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली के कार्यो की समीक्षा की


राजस्व वसूली की समीक्षा करते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट के सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली के कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, खनन, आबकारी, परिवहन विभाग, नगर निकाय, स्टाम्प ड्यूटी, बाट-माप, जी0एस0टी0 सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा की तथा कम वसूली वाले विभाग को सुधार लाने के निर्देश दिये।

जीएसटी की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने जीएसटी वसूली में तेजी लाने एवं लक्ष्य की पूर्ति हेतु निर्देशित किया। स्टाम्प वसूली की समीक्षा में जिलाधिकारी ने स्टाम्प की कमी की सम्बन्धित निर्गत आर0सी0 की वसूली कराये जाने एवं लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति हेतु एआईजी स्टाम्प को निर्देशित किया। चकबन्दी विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में चकबन्दी की प्रक्रिया चल रही है और वहां पर कुछ विरोध किये जा रहे है ऐसे गांवों को चिन्हित कर राजस्व विभाग के अधिकारी एवं चकबन्दी अधिकरी बैठक विवाद का निस्तारण करायें। उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों/तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों जैसे तालाबों, चारागाहों, चकरोडों आदि पर जो भी अवैध कब्जे किये गये उनको चिन्हित कर अभियान चलाकर अवैध कब्जेदारों को बेदखल किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जये। बाट-माप विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि क्रय केन्द्रों पर बाट-माप चेक करा लिया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश पटेल सहित समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार उपस्थित रहे।

### सूफी अतीके मिल्लत की मजार पर हुई चादरपोशी, निकाला गया जुलूसे गौसिया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुन्नबी में जश्ने गौसिया व जुलूसे गौसिया का दो रोजा कार्यक्रम हुआ। सूफी अतीके मिल्लत की मजार पर चादरपोशी के साथ हुए जलसे मे मुल्क की एकता तथा तरक्की के लिए तकरीर पेश हुई। अकीदतमंदो ने मजार पर गुलपोशी करते हुए नेकी और भलाई के रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में मदरसे से लालगंज घुइसरनाथ रोड के खानापटटी बड़ी नहर तक निकले जुलूसे गौसिया में लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत किया। उलमा एकराम की तकरीर मे हजरत मौलाना रहमानी मियां ने सरकार गौस पाक व अतीके मिल्लत की जिंदगी के बारे मे रोशनी डाली। उन्होने कहा कि गरीब दुखियों तथा बेसहारा की मदद के लिए सूफी अतीक मिसाल है। कार्यक्रम का संचालन बेलाल रहमानी ने किया।

# सुगतानन्द बुद्ध विहार में श्रद्धा व साधना के साथ मना कार्तिक पूर्णिमा

## भन्ते धम्ममित्र के द्वारा त्रिशरण, पंचशील व दीप किया गया प्रज्वलित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के सई नदी के तट पर स्थित सुगतानन्द बुद्ध विहार पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने कार्तिक पूर्णिमा श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पावन भिक्खु संघ द्वारा त्रिशरण, पंचशील, आनापानसति ध्यान साधना, व धम्मचक्क पवत्तन सुत्त का संगायन किया गया। कार्यक्रम का बुद्धारम्भ पूज्य भन्ते अश्वजित व भन्ते धम्ममित्र के द्वारा त्रिशरण, पंचशील व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन व संचालन करते हुए राकेश कन्नौजिया ने कहा कि कार्तिक


बुद्ध बिहार में आयोजित सामूहिक संगायन में मौजूद अतिथिगण।

पूर्णिमा में बौद्ध आध्यात्मिक जगत में बहुत पावन महत्व है।

आज ही के दिन वषार्वास का पूर्ण समापन कर चरथ भक्खवेचारिकं बहुजन हिताय बहुजन सुखय लोकनुकंम्पाय की कल्याण धम्मसुत्त के साथ विश्वगुरू तथागत बुद्ध द्वारा प्रथम 60 अर्हत भिक्खुओं को लोक कल्याण हेतु चारों दिशाओं में जाकर धम्म प्रचार-प्रसार का आदेश दिया था। इस अवसर पर राम उमरवैश्य ने कहा कि धम्मसेनापति भन्ते सारिपुत्त का महापरिनिर्वाण व राष्ट्र गौरव धम्म शासक सम्राट अशोक के परिनिर्वाण भी हुआ था। आचार्य उमेश चन्द्र ने नेतृत्व में धम्मचक्क पवत्तन सुत्त का सामूहिक संगायन किया गया। इस अवसर पर अनागरिक सिद्धार्थ, लीलावती, रंजू संजय, राम प्यारी, डॉ0 विजय, रन्नू निर्मल, सुनील कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शक्ति आरती प्रकाश, कमलेश गौतम, बसन्त मौर्य, अंकुर, निशान्त मौर्य, प्रशान्त मौर्य शेखर मौर्य, आयुषी, राजेश कुमार, राम मिलन आदि उपासकगण मौजूद रहे।

# खुले नाले में साइकिल सहित गिरा युवक हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा चौराहे के पास खुले नाले में एक साइकिल सवार गिर गया है जिससे अधिक चोट लग जाने के कारण उसकी मृत्यु हो गई है सूचना मंझनपुर कोतवाली पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने नाले से युवक को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा है जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है घटना की सूचना परिजनों को दी गई है सूचना मिलते ही घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन पहुंचे हैं पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

जनपद मुख्यालय मंझनपुर नगर पालिका के मंझनपुर से समदा जाने वाली मुख्य सड़क पर बनाये गये नाले को अभी तक ढका नहीं गया है जिससे नाले मे आए दिन भैंसें गाये और घुमंतू जानवर बार-बार गिरते रहते हैं। नगर पालिका मंझनपुर के अधिकारियों को सूचित किया गया किंतु अभी तक नाले में किसी तरह का बदलाव नही हो सका मंगलवार के दिन सुबह लगभग 10 बजे मंझनपुर की ओर से आ रहा एक साइकिल सवार खुले नाले में साइकिल सहित गिर गया नाले में गिरने से चोट अधिक लग जाने के कारण साइकिल सवार की मौके पर मृत्यु हो गई प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा उसकी पहचान किया गया कि मृतक व्यक्ति मूलचंद पुत्र श्यामलाल रैदास निवासी भैला मखदूमपुर गांव का रहने वाला है किसी काम के लिए वह अपने घर से साइकिल लेकर मंझनपुर के लिए गया था मंझनपुर से वापस लौटते समय समदा प्राइमरी स्कूल के पास नाले में गिर कर साइकिल सवार की मौके पर ही मृत्यु हो गई सूचना पुलिस को दी मौके पर मंझनपुर पुलिस पहुँची शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस जिला अस्पताल ले गयी जहां डॉक्टरों ने साइकिल सवार को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने साइकिल सवार के परिजनों को सूचना दी परिजन रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंचे है जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है



मौत के बाद मौके पर लगी भीड़।

## लैंड लेवरल लगा ट्रैक्टर पलटा ड्राइवर की दबकर दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नं 7 टाण्डा रोड में एक ट्रैक्टर ड्राइवर लैंड लेवरल लगा ट्रैक्टर से उबड़ खाबड़ मिट्टी बराबर करते समय अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे मौके पर ही अधेड़ ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गयी। घटनाक्रम के मुताबिक वार्ड नं 1 भौतर निवासी रामशरण पाल उम्र तकरीबन 45 वर्ष पुत्र राम मनोहर पाल लैंड लेवरल यंत्र लगे ट्रैक्टर से वार्ड नं 7 टाण्डा रोड में बीएससी मास्टर साहब के घर के बगल में ऊबड़ खबड़ मिट्टी बराबर कर रहे थे अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके नीचे दब गया शोर सुनकर जब तक आसपास के नगर वासी पहुंचते तब तक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी थी मोहल्ले वासियों ने किसी तरह बाहर निकाला और परिजनों एवम स्थानीय पुलिस चौकी में सूचना दी है परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे मृतक ड्राइवर के 2 पुत्र और 2 पुत्रियां बतायी जा रही हैं दोनों पुत्र महाराष्ट्र के शहर मुंबई में रहते हैं मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है वहीं अझुवा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है परिजनों ने बताया ट्रैक्टर का मालिक खुद मृतक ही था।



दुर्घटना के बाद चालक को बाहर निकालते ग्रामीण।

# एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में आयोजित हुआ शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित एन डी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में दिनांक 8 नवंबर को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में आज नर्सरी के छात्र एवं छात्राओं के लिए एक बड़ा दिन था क्योंकि आज नर्सरी के बच्चों के माता-पिता के द्वारा ही संस्थान में डिजिटल बोर्ड का उद्घाटन किया गया जिसे देखकर के बच्चे बहुत खुश और रोमांचित दिखाई दे रहे थे साथ ही साथ स्कूल के छात्र और छात्राओं ने भी अपने परीक्षा परिणाम को देखने की उत्सुकता दिखाई बच्चों ने अपने रिजल्ट को देखकर रोमांचित दिखे कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना वंदना के साथ किया और आए हुए स्कूल के समस्त अभिभावकों का अभिवादन किया।

### एनडी कान्वेंट के नर्सरी विभाग में डिजिटल क्लासरूम का हुआ उद्घाटन

शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी के माध्यम से अपने अभिभाषण विद्यालय के चेयरमैन पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षक समाज का आईना होता है और एक शिक्षित समाज की परिकल्पना केवल शिक्षक के द्वारा ही संभव होती है यदि छात्र एवं छात्राओं को सफल होना है सफलता केवल कठिन परिश्रम और समर्पण के माध्यम से ही प्राप्त हो सकती है सतत अभ्यास कठिन परिश्रम और समर्पण की भावना यदि किसी भी छात्र छात्रा के अंदर है सफलता उसके कदम चूमेगी श्री गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार पहाड़ों से टूटकर पत्थर जब नदियों में गिरता है और लगातार नदियों के प्रवाह से पत्थर शालिग्राम देवता के रूप में समाज में पूजा जाता है जो पत्थर हथौड़ी की मार सह लेता है

# प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय तियरा में नदारद रहते हैं प्रधानाध्यापक

### गैस सिलेंडर उठा ले गए शिक्षक चूल्हे में खाना बनाने को मजबूर रसोइया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार प्राथमिक विद्यालयों में सब पढ़ें , सब बढ़ें का नारा देकर बेहतर शिक्षा गरीब परिवार के बच्चों को मिले इसके लिये तरह तरह की योजना चला रही है लेकिन कुछ विद्यालयों के अध्यापक अपने पद का दुरुपयोग करते हुए योगी सरकार को बदनाम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जिसकी वजह से शिक्षा की गुणवत्ता काफी प्रभावित हो रही हैं इतना ही नहीं दोपहर भोजन बनाने के लिए सरकारी रकम से खरीदे गए सिलेंडर को शिक्षक घर उठा ले गए जिससे मजबूर होकर रसोइया को लकड़ी जलाकर चूल्हे में खाना बनाना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी अभी तक खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों के कारनामों को संज्ञान लेकर उन पर कार्यवाही नहीं की है। जानकारी के मुताबिक विकास खण्ड मंझनपुर के प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय तियरा जमालपुर में आए दिन प्रधानाध्यापक गायब रहते हैं यही नहीं प्रधानाध्यापक बच्चों को पढ़ाने के बजाय उनसे साग सब्जी तैयार करवाते हैं और उसे घर ले जाकर बड़े मजे से खाते हैं।दोनों विद्यालय में वर्षों से चूल्हे में लकड़ी जला कर रसोइया खाना बनाकर परेशान हो चुकी हैं अगर इसके बारे में वह प्रधानाध्यापक से शिकायत भी करती हैं तो उन्हें धमकी दी जाती है कि खाना बनाना है तो बनाओ नहीं तो बाहर निकाल दूंगा। कागजों में गैस का पैसा निकालकर चूल्हे में खाना बनवाना अर्थात अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकना तो कोई इनसे सीखे। इतना ही नहीं सरकारी रकम से दोनों स्कूल में खरीदे गए सिलेंडर को शिक्षक घर उठा ले गए हैं लेकिन अभी तक खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों पर सिलेंडर गायब करने का मुकदमा नहीं दर्ज कराया है ग्रामीणों ने बताया कि इस विद्यालय में शिक्षकों के आने और जाने का कोई समय नहीं है प्रधानाध्यापक की लापरवाही के चलते यहाँ की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है अब देखना यह है कि क्या शिक्षा विभाग के अधिकारी इस पर ध्यान देकर दोषियों पर कार्यवाही करके उन्हें निलम्बित करते हैं या फिर सब हवा हवाई ही साबित हो जायेगा फिलहाल ग्रामीणों ने जिले के आला अधिकारियों से जांच करवाकर कार्यवाही करने की मांग की है।



बन्द स्कुल।

# प्रसव पीड़िता से रकम ना मिलने पर जल्लाद बनी नर्सों ने ले ली बच्चे की जान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान को स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर नर्स पलीता लगा रहे है लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाने के प्रयास नहीं कर रहे हैं जिससे आम जनमानस पीड़ित है इसी तरह का एक मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा में देखने को मिला है जहां प्रसव पीड़िता से 15 हजार रुपए की डिमांड नर्सों ने की जब प्रसव पीड़िता के परिजनों ने नर्सों की डिमांड पूरी करने से इंकार कर दिया तो नर्स जल्लाद बन गई और जबरदस्ती गलत तरीके से महिला का प्रसव करा दिया है जिससे नवजात शिशु की मौत हो गई मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कर कार्यवाही की मांग की है लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी नर्स पर कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### सरकारी अस्पताल में प्रसव के दौरान अवैध वसूली में बड़े हुजूर का कितना हिस्सा बना चर्चा

सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक ड्यूटी से गायब रहते हैं और सरकारी चिकित्सक निजी नर्सिंग होम के संचालन में मस्त रहते हैं पूरी चिकित्सा व्यवस्था नर्सों के सहारे चलती है जिससे नर्स बेलगाम हो गई है लेकिन उसके बाद भी ना तो चिकित्सकों की ड्यूटी नियमों के अनुसार सीएमओ करा पा रहे हैं और ना ही नर्स के अत्याचार अवैध वसूली पर रोक लगा पा रहे हैं स्वास्थ्य विभाग में सब कुछ मनमानी तानाशाही पूर्वक चल रहा है इसी तानाशाही के चलते एक बार फिर नवजात शिशु की मौत हो गई है।

सीएमओ को दिए शिकायती पत्र के मुताबिक रेखा देवी पत्नी संगम लाल निवासी रामपुर खंडेवरा बिकास खण्ड नेवादा ने गर्भ के दौरान दो बार अल्ट्रासाउंड की जांच कराई दोनों बार उसका अल्ट्रासाउंड नॉर्मल बताया गया प्रसव पीड़ा होने पर पीड़िता को 26 अक्टूबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा एंबुलेंस में लाया गया है सरकारी अस्पताल लाने के बाद महिला को भर्ती करने के बाद स्टाफ नर्स द्वारा 15 हजार रुपए की डिमांड की गई ड्यूटी में तैनात नर्स ने महिला के परिजनों से कहा कि 15 हजार रुपए मिलने के बाद सब कुछ सामान्य तरीके से करवा देंगे लेकिन महिला के परिजनों ने अपनी गरीबी लाचारी का हवाला देते हुए नर्स को पैसा देने से इनकार कर दिया प्रसव के दौरान पीड़िता के परिजनों से रकम न मिलने पर सरकारी अस्पताल की नर्स जल्लाद बन गई और पीड़ित महिला के साथ अत्याचार अमानवीय व्यवहार करने लगी महिला का जबरजस्ती बलपूर्वक पेट दबा दबा कर उसका प्रसव कराया है इस दौरान महिला को असहनीय दर्द झेलना पड़ा नर्स के अमानवीय व्यवहार के चलते प्रसव के दौरान बच्चा की मौत हो गयी बच्चा खत्म होने के बाद महिला की सास से जबरदस्ती रेफर कागजात पर हस्ताक्षर कराया गया बच्चे की मौत के बाद रेफर कागजात में हस्ताक्षर कराए जाने पर महिला के पति ने विरोध किया पति के विरोध करने के बाद उससे झगड़ा लड़ाई नर्स करने लगी जिससे पूरे अस्पताल में हंगामा खड़ा हो गया सरकारी अस्पताल में प्रसव के दौरान अवैध वसूली का यह पहला मामला नहीं है प्रतिदिन अवैध वसूली के कारनामे जन-जन की जुबान में होते हैं और सरकारी अस्पताल की नर्स दबंग बन जाती हैं लेकिन उसके बाद भी प्रसव के दौरान अवैध वसूली के इस खेल पर स्वास्थ्य महात्मा के जिम्मेदार रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं आखिर उनकी मंशा क्या है क्यों मरीजों के साथ नर्स और डॉक्टर अवैध वसूली कर रहे हैं यह तमाम सवाल योगी सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर रही है।

# घटिया सामग्री से मानक बिहीन पीडब्ल्यूडी करा रहा नाली निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** निर्माण कार्यों में जमकर धांधली हो रही है विभागीय अधिकारी ठेकेदारों के मानक विहीन घटिया निर्माण पर चुप्पी साध कर बैठे हैं जिससे ठेकेदार मनमानी तरीके से सरकारी कार्यों के निर्माण कार्य कर सरकारी खजाने से रकम निकालने तक सीमित रह गए हैं शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी घटिया निर्माण पर गंभीर होते नहीं दिख रहे हैं लोक निर्माण विभाग द्वारा सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज ग्राम में रोड की नाली के निर्माण में घटिया ईट वा मानक बिहीन सामग्री का प्रयोग कर नाली का निर्माण किया जा रहा है पुरानी बनी 4 इंच की नाली पर नया निर्माण दिखाते हुए 9₹ इंच की नाली बनायी जा रही है जिसमें बालू सीमेंट के अनुपात में जमकर धांधली हो रही है घटिया क्वालिटी के सामग्री को लगाया जा रहा है तीसरे दर्जे की ईट का प्रयोग नाली निर्माण में हो रहा है।

मौके पर लोक निर्माण विभाग के जेई पहुंचे हैं लेकिन घटिया निर्माण को रोकने के बजाय वह विभागीय अधिकारी और सरकार पर आरोप लगाकर अपने दोष को ढंकने का प्रयास कर रहे हैं मौके पर पहुंचे जेई ने कहा कि यह नाली इंडिया लेविल की सबसे टाप नाली है इससे बचे हुए पैसे को दूसरी जगह रुपये खर्च करेंगे वही ग्रामीणों के अनुसार पुरानी जरजर टूटी नाली के ऊपर नयी निर्माण दिखाकर सरकार के साथ जेई व ठेकेदार धोखा कर रहे हैं जबकि जेई में मौके पर नयी नाली निर्माण की बात कही तो ठेकेदार व जेई ने ग्रामीणों को डांटते हुए कहा कि सरकार हमें ज्यादा रुपये नहीं देती नाली व सड़क में जेई के अनुसार एक लाख प्रतिलीटर का केमिकल लगाना पड़ता है जिसकी भरपाई तीसरे दर्जे की ईट सामग्री से की जाती है घटिया क्वालिटी की बनाई जा रही नाली निर्माण की जांच कराए जाने और दोषी ठेकेदार अधिकारियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

# चायल तहसील के बगल में बालाजी अल्ट्रासाउंड सेंटर का हुआ उद्घाटन

## एसडीएम चायल मनीष यादव अल्ट्रासाउंड सेंटर के रहे मुख्य अतिथि

### आशा बहुओं ने अपने कमीशन के लिए बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के चायल तहसील के सामने बालाजी अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन किया गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम मनीष कुमार यादव द्वारा उद्घाटन किया गया हालाकि देर से पहुंचे चायल पीएचसी प्रभारी मुकेश द्विवेदी को भी पुष्पगुच्छ देकर बालाजी अल्ट्रासाउंड सेंटर के मुखिया ने स्वागत किया।

अल्ट्रासाउंड सेंटर चर्चा में तब आया जब उद्घाटन के ही समय लगभग 50 से अधिक आशा बहुएं को भी बुलाया गया जिसमे उनका कमीशन तय नजर आ रहा है। आशा बहुएं को चायल मुक्तेश द्विवेदी और बाला जी हॉस्पिटल के डायरेक्टर ने क्षेत्र की महिलाओं से जुड़े रहने की वजह से पहुंची है प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर में मनगढ़ंत कमीशन मिलता है और सरकारी अस्पताल के अल्ट्रासाउंड में आम महिलाओं को सुविधा नही दी जाती। मजेदार की बात यह है की 30 बेड की चायल सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन शासन द्वारा प्राप्त थी लेकिन सूत्रों से जानकारी मिल रही है की अल्ट्रासाउंड लोहे की भाव से विक्रय कर दिया गया हालाकि आला अधिकारियों ने इस बारे में जवाब मांगने पर कोई जानकारी प्राप्त नही हुई।

आशा बहुएं तिल्हापुर मोड़ पर बने अल्ट्रासाउंड सेंटर से अच्छा कमीशन प्राप्त कर रही है। जहां पर अनेक बीमारी का पता किया जाता है और गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया जाता है जानकारी के मुताबिक डिलीवरी के समय सरकारी अस्पताल में न ले जाकर यही सब प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर में अल्ट्रासाउंड करवाती है। अपने कमीशन के लिए तत्पर रहती है चायल क्षेत्र में चर्चा है की अगर जिस अल्ट्रासाउंड सेंटर वाले ने आशा बहुएं को अपने कमीशन के झांसे में फंसा लिया तो दूसरे अल्ट्रासाउंड सेंटर का भी भट्टा बैठ जाता है और उसके अलावा कहीं और अल्ट्रासाउंड नहीं होता है।



उप जिला अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते अस्पताल संचालक

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त अमित सिंह पुत्र बब्लू उर्फ आशीष सिंह निवासी चित्तापुर थाना सरायअकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त शिवलाल पुत्र धूरऊ निवासी हुसैनमई थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुलठानी पुत्र सध्ये निवासी व थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चैकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 504 वाहनों का ई-चालान व 11 वाहन का चालान कर 5,500 रुपए सम्मन शुल्कः वसूला गया।

# भाजपा के कार्यकर्ता पद नहीं बल्कि विचाराधारा के लिए करते हैं काम

### नगर पालिका परिषद मंझनपुर के विभिन्न वार्डों में हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद में चुनाव की तैयारियों को लेकर सावित्री बाई फुले नगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नगर में भाजपा द्वारा बैठक में का आयोजन किया गया। बैठको में बतौर मुख्य अतिथि जिला संयोजक दिनेश पांडे मौजूद रहे कार्यक्रमो की अध्यक्षा मण्डल अध्यक्ष महेश चन्द्र लोधी ने किया।

इस मौके पर जिला संयोजक दिनेश पाण्डेय विभिन्न वार्डों की कामकाजी बैठकों में बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता नेता है और पार्टी का कार्यकर्ता पद नहीं बल्कि अपनी विचारधारा को लेकर लगातार लगानशील रहते हुए काम करते हैं। इस मौके पर सावित्रीबाई फुले नगर के हाजीपुर पतौना गांव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के मवाई केवट, सेहिया तथा एपीजे अब्दुल कलाम नगर के हजरतगंज मोहल्ले में बैठक का आयोजन करते हुए कार्यकताओं से संगठन के विषय में चर्चा किया गया। इस मौके पर संगठन के अंतिम पंक्ति के कार्यकताओं से फीडबैक लिया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से वेद प्रकाश सत्यार्थी, नरेश केशरवानी, दुर्गेश गुप्ता, अंशुल केसरवानी, बालकुमार, रावेन्द्र कश्यप, रमेश सोनकर, ज्ञानेंद्र साहू, अनिल तिवारी, दिलीप निर्मल, सत्य प्रकाश पांडे, राजकुमार पाल, शिवपूजन कश्यप, पंकज निर्मल ,राज कुमार सरोज, जयप्रकाश सरोज, मिंटू तिवारी, अनुज विश्वकर्मा, मुन्ना सरोज, राम घसीटे मौर्य, सुरेश कश्यप, शिवपूजन कश्यप, नरेश सरोज, मनोज कुमार मौजूद रहे।



भाजपा की बैठक में बोलते बेद पांडे।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 13 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना महेवाघाट से एक थाना सराय अकिल से एक थाना चरवा से तीन थाना सैनी से दो थाना मोहब्बतपुर पईसा से दो थाना कड़ाधाम से एक कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### लम्पी का टीकाकरण नहीं हो रहा सफल दर्जनों पशु हुए बीमार

**कौशाम्बी।** पशुओं में लम्पी की बीमारी रोकने के लिए पशु विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर टीकाकरण कराया जा रहा है लेकिन पशुओं के टीकाकरण के बाद भी उन्हें लम्पी रोग की बीमारी हो रही है जो टीकाकरण पर बड़ा सवाल है सरसावा विकासखंड क्षेत्र के डाहराई गांव के मजरा खरौना में इन दिनों पशुओं में लम्पी रोग बड़ी तेजी से फैल रहा है पशुपालकों ने बताया कि टीकाकरण के बाद 8 पशु लम्पी रोग से ग्रसित है पशुओं में लम्पी रोग होने के बाद पशुपालक जहां चिंतित है वही टीकाकरण अभियान और उसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

# घर में रह रहा वारंटी वर्षों से नहीं खोज पा रही हैं सराय अकिल पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** अच्छे कार्यों के लिए आए दिन पुलिस सम्मानित की जाती है लेकिन क्या गलत कार्यों के लिए थाना पुलिस दंडित भी की जाएगी या फिर थाना पुलिस की मनमानी का खेल बेखौफ तरीके से चलता रहेगा अदालत से लगातार वारंट मिलने के बाद भी वारंटी का खुलेआम घूमना थाना पुलिस पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है अदालत से बार-बार वारंट का आदेश जारी हो रहा है आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने का निर्देश दिया जा रहा है लेकिन उसके बाद आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर अदालत में पेश नहीं कर सकी है जबकि खुलेआम आरोपी वारंटी अपने घर में रह रहा है सराय अकिल पुलिस के अच्छे कार्यों से लगता है कि उन्हें अदालत के आदेश की परवाह नहीं है और वह मनमानी तरीके से कानून-व्यवस्था चलाना चाहते हैं।

जानकारी के मुताबिक मुकदमा अपराध संख्या 3072 सन 2019 गुलनाज फातमा के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने इम्तियाज अहमद पुत्र नियाज आलम के नाम गिरफ्तारी का अधिपत्र जारी किया है कई बार गिरफ्तारी का अधिपत्र जारी किए जाने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है फिर अदालत ने गिरफ्तारी का वारंट जारी कर 15 नवंबर को अदालत में पेश करने का निर्देश सराय अकिल थाना पुलिस को दिया है वारंटी इम्तियाज अहमद का दूसरा मुकदमा न्यायालय सिविल जज कनिष्ठ सैनी कौशांबी की अदालत में वाद संख्या 243 सन 2021 का विचाराधीन है इस मुकदमे में भी अदालत ने इम्तियाज अहमद पुत्र नियाज अहमद निवासी मुस्तफाबाद थाना सराय अकिल के विरुद्ध भरण पोषण का संदाय करने के लिए रिकवरी वारंट जारी किया है जिसमें एक लाख 60 हजार रुपए की वसूली 28 नवंबर तक आरोपी से कराए जाने के निर्देश अदालत ने पुलिस को दिया है इसके पहले भी कई बार अदालत से रिकवरी वारंट आरोपी के खिलाफ जारी हो चुका है लेकिन पुलिस आरोपी पर कार्यवाही नहीं कर सकी है।

संपादकीय

# विचार यात्रा के पड़ाव

**भारतीय** जनसंघ की स्थापना राष्ट्र प्रथम की विचारधारा के आधार पर हुई थी। उस समय देश में कांग्रेस का वर्चस्व था। यह माना जाता था कि जनसंघ को विपक्ष की ही भूमिका का निर्वाह करना है। तब सदन में इसका संख्याबल कम होता था, लेकिन वैचारिक ओज प्रबल था। भारी बहुमत की सरकारें भी नाम मात्र के संख्याबल के विचारों से परेशान थीं। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जब संसद में बोलते थे, तब लोग ध्यान से सुनते थे। सरकार को भी कई मसलों को सुधारने संभालने की प्रेरणा मिलती थी। जनसंघ और भाजपा की यात्रा में अटल-आडवाणी की जोड़ी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। जनसंघ के दौर में हिन्दुत्व के मुद्दों को मुखर होकर उठाया जाता था। लेकिन उस समय की परिस्थितियां अलग थी। इन मुद्दों ने जनसंघ को हिन्दी भाषी राज्यों तक सीमित रखा। यहां भी जनसंघ सत्ता से बहुत दूर रही। गैर कांग्रेसवाद अभियान के समय कुछ प्रांतों में संविद सरकारें बनी थीं। जनसंघ उसमें शामिल थी। यह विचार यात्रा का दूसरा पड़ाव था। जनता पार्टी में जनसंघ के विलय एक नया पड़ाव था। आपातकाल के बाद की परिस्थिति में यह विलय अपरिहार्य हो गया था। अन्य पार्टियों के साथ चलने की विवशता थी। लेकिन जनसंघ घटक के लोग अपनी मूल विचारधारा से कभी विमुख नहीं हुए थे। उसी समय अटल बिहारी वाजपेयी को नेहरू की भांति दिखाने संबन्धी चर्चा शुरू हुई थी। किन्तु जनता पार्टी का प्रयोग ढाई वर्ष तक भी नहीं चला। इसके बाद जनसंघ घटक ने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की। इसमें गांधीवादी समाजवाद की अवधारणा समाहित थी। यह भी विचार यात्रा का एक पड़ाव था। इसमें भी भाजपा ने जनसंघ के समय के अपने मुद्दों का परित्याग नहीं किया था।अयोध्या में श्रीराम मन्दिर निर्माण आंदोलन ने भाजपा को नए पड़ाव पर पहुंचाया। इसके बाद भी उसे अपने दम पर बहुत नहीं मिला। ऐसे में कुछ कशमकश था। गठबंधन की सरकार बनाने या फिर विपक्ष में ही बैठने का विकल्प था। भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाने का व्यावहारिक निर्णय हुआ। यदि ऐसा न होता तो उन मतदाताओं को निराशा होती जिन्होंने शायद पहली बार भाजपा को इतना बड़ा समर्थन दिया था। वाजपेयी की सरकार करीब दो दर्जन पार्टियों के समर्थन पर आधारित थी। ऐसे में वैचारिक मुद्दों पर अमल सम्भव नहीं था।

# अल्पसंख्यकवाद से मुक्ति पर विचार हो

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**भारत** एक विशाल देश है। यहां विभिन्न समुदाय के लोग निवास करते हैं। उनकी भिन्न-भिन्न संस्कृतियां हैं, परन्तु सबकी नागरिकता एक ही है। सब भारतीय हैं। कोई भी देश तभी उन्नति के शिखर पर पहुंचता है जब उसके निवासी उन्नति करते हैं। यदि कोई समुदाय मुख्यधारा के अन्य समुदायों से पिछड़ जाए, तो वह देश संपूर्ण रूप से उन्नति नहीं कर सकता। इसलिए आवश्यक है कि देश के सभी समुदाय उन्नति करें। आज देश में एक बार फिर से अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक का विषय चर्चा में है। उल्लेखनीय है कि अल्पसंख्यक का तात्पर्य केवल मुस्लिम समुदाय से नहीं है। देश के संविधान में अल्पसंख्यक शब्द की परिकल्पना धार्मिक, भाषाई एवं सांस्कृतिक रूप से भिन्न वर्गों के लिए की गई है। यह दुखद है कि कांग्रेस द्वारा इसका उपयोग अपने स्वार्थ के लिए किया गया, ताकि उसका वोट बैंक बना रहे। कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम -1992 बनाया गया। इसमें देश की मुख्यधारा से पृथक वंचित धार्मिक समुदायों की स्थिति के कारणों के मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस अधिनियम के आधार पर मई 1993 में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया। किन्तु राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम-1992 में धार्मिक अल्पसंख्यक की परिभाषा नहीं दी गई है। कौन सा समुदाय अल्पसंख्यक है, इसका निर्णय करने का सारा दायित्व केंद्र सरकार को सौंप दिया गया। इसके पश्चात कांग्रेस सरकार ने अक्टूबर 1993 में पांच धार्मिक समुदायों को अल्पसंख्यकों के रूप में अधिसूचित किया, जिसमें मुसलमान, ईसाई, सिख, बौद्ध एवं पारसी सम्मिलित हैं। इसके पश्चात जैन समुदाय द्वारा उसे भी अल्पसंख्यक का दर्जा दिए जाने की मांग की जाने लगी। तब सरकार ने राष्ट्रीय धार्मिक अधिनियम- 2014 में एक संशोधन करके जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यकों की सूची में सम्मिलित कर दिया। भारतीय जनता पार्टी का सदैव से यह कहना रहा है कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों के नाम पर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्रों में भी यह प्रश्न उठाते हुए संकल्प लिया था कि वह अल्पसंख्यक आयोग को समाप्त करके इसका दायित्व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सौंपेगी। अब चूंकि केंद्र में भाजपा की सरकार है, तो यह विषय चर्चा में आ गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1998 में भाजपा सत्ता में आई, उस समय इस संबंध में कुछ नहीं हुआ। कांग्रेस द्वारा गठित द्वितीय राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को भी समाप्त करने की दिशा में कोई कार्य नहीं किया गया। वास्तव में वर्ष 2004 के पश्चात से भाजपा ने इस विषय पर ध्यान नहीं दिया, अपितु भाजपा ने 2014 के अपने घोषणा पत्र में कहा कि स्वतंत्रता के इतने दशकों के पश्चात भी अल्पसंख्यकों का एक बड़ा वर्ग, विशेषकर मुस्लिम समुदाय निर्धनता में जकड़ा हुआ है। भाजपा की इस बात के कई अर्थ निकाले जा सकते हैं। प्रथम यह कि भाजपा स्वीकार करती है कि देश की स्वतंत्रता के इतने वर्षों पश्चात भी मुसलमानों की स्थिति दयनीय है, जैसा कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट कहती है।

# पराली पॉलिटिक्स से घुटती सांसें

**राजेश माहेश्वरी**

**सर्दियों** की शुरूआत होते ही दिल्ली की हवाएं जहरीली हो गई है। दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ते ही इस मुद्दे पर राजनीति भी शुरू हो गई है। हर साल की तरह पंजाब में पराली जलने से धुआं उठता लगातार दिख रहा है। यह धुआं ही आसमान में पहुंचता है और फिर दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील हो जाती है। दिल्ली और एनसीआर की हवाएं जहरीली हो गई हैं। बावजूद इस मुद्दे पर केजरीवाल चुप्पी साधे हुए हैं, और दिल्लीवासी जहरीली हवाओं में सांस लेने को मजबूर हैं। विश्व स्तर पर 50 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची तैयार की गई है। उनमें से 28 शहर भारत के हैं। राजधानी दिल्ली ह्यगैस चैंबरह्न तो पहले ही बन चुकी थी। यह हर भारतीय के लिये शर्मसार करने वाली बात है कि दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानियों में शुमार है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उत्तर भारत में पराली जलाने के सबसे ज्यादा मामले पंजाब में रिकार्ड किए गए हैं। बीते 28 अक्टूबर तक अकेले पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं की कुल संख्या 10,214 हो गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मुताबिक, इस साल 15 सितंबर से 26 अक्टूबर तक पंजाब में 2021 की इसी अवधि की तुलना में पराली जलाने की घटनाओं में नौ फीसदी की बड़ी वृद्धि हुई जो चिंता का विषय है। आयोग ने बताया कि हरियाणा में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में पराली जलाने की घटनाओं में 26 फीसदी की गिरावट आयी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि वायु प्रदूषण राष्ट्रीय समस्या बनता जा रहा है। दिल्ली में औसत आदमी खांस रहा है। आंखों में जलन है और नाक लगातार बह रही है। सांस घुट रही है या फूलने लगती है। फेफड़ों के कैंसर फैलने के आसार बढ़ रहे हैं। स्ट्रोक आम रोग हो गए हैं। दिल का दौरा पडना, डायबिटीज का बढना, अस्थमा, डिप्रेशन, नर्वस सिस्टम, स्किन की समस्याएं, समझने की क्षमता पर चोट आदि रोग ह्यखतरनाक संकेतह्न दे रहे हैं। राजधानी के ही अस्पतालों में सांस की बीमारियों से जुड़े मरीजों की संख्या 30-35 फीसदी बढ़ गई है। छोटे बच्चों के स्कूल बंद करने पड़े हैं। सरकारी और निजी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मचारी ही आएंगे, शेष घर से काम करेंगे। जिन



पार्कों में सुबह टहलने और व्यायाम करने वालों की भीड़ होती थी, वे अब लगभग सूने पड़े हैं।

असल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमेशा कहते रहते थे कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार नहीं है, पराली जलती है और जिससे धुआं उठता है और इससे दिल्ली प्रदूषित होती है। हालांकि अब पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की सरकार है फिर भी प्रदूषण की समस्या विकराल होती जा रही है। पंजाब सरकार ने आदेश तो दिया हुआ है कि जो भी किसान पराली जलाएगा उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी और उस किसान को सभी सरकारी सहुलियतों से भी वंचित कर दिया जाएगा। बावजूद इसके किसान लगातार पराली जला रहे हैं और इसको लेकर अपनी मजबूरी भी बता रहे हैं। पिछले साल हुई एक स्टडी के अनुसार, प्रदूषण की वजह से भारत खासकर उत्तर भारत में लोगों की जिंदगी में 9 साल कम हो सकते हैं। अमेरिका की प्रतिष्ठित शिकागो यूनिवर्सिटी के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक सेंटर, पूर्व और उत्तर भारत में रहने वाले 48 करोड़ से ज्यादा लोग बहुत ज्यादा बढ़े हुए प्रदूषण के स्तर में जीवन जीने को मजबूर हैं। इन इलाकों में देश की राजधानी दिल्ली भी शामिल है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत पिछले दशक में दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश बन गया है और दुनिया के 30 सबसे प्रदूषित शहरों में से 21 भारत में हैं। वायु प्रदूषण का सर्वाधिक प्रभाव श्वसन तंत्र पर पड़ता है। इससे सर्दी-खांसी, ब्रोकांइटिस, निमोनिया, गले का दर्द, एलर्जी, अस्थमा, फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। वाहनों के धुएं में उपस्थित कण यकृत, आहार नली और बच्चों में मस्तिष्क विकार व हड्डी की बीमारियों का कारण बनते हैं। पंजाब के किसानों का कहना है कि, पराली जलाने को लेकर सरकारी आदेश और किए गये प्रबंध नाकाफी हैं। वास्तव में पराली के लिए मशीनें उपलब्ध नहीं हैं। वहीं निजी मशीनों से पराली को ठिकाने लगााने का काम करना मंहगा सौदा है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय का बयान है कि पंजाब में किसानों को मशीनें मुहैया कराने के लिए 1347 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं, लेकिन मशीनें किसानों तक नहीं पहुंची अथवा किसान पराली जलाने के ही आदी हैं। यदि निरीक्षण करने तहसीलदार, पटवारी, कानूनगो आदि की टीम किसानों के खेतों तक जाती है, तो उन्हें बंधक बना लिया जाता है। यह अपराध है, जिसे पंजाब सरकार को ही

> **वायु प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के मुख्य सचिव को 10 नवंबर को तलब करते हुए पराली जलाने को रोकने के लिए उठाये गये कदमों पर रिपोर्ट देने को कहा है। दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनवाई को तैयार हो गया है**

देखना ह । केजरीवाल जिस रसायन के छिडकाव की बात करते रहे हैं, वह पंजाब में लागू क्यों नहीं किया जा सका? अब केजरीवाल और भगवंत मान एक और साल मांग रहे हैं, ताकि पराली की समस्या को खत्म किया जा सके। एक साल के बाद की क्या गारंटी है? दरअसल अब यह दायित्व साझा है, क्योंकि प्रदूषण का विस्तार दिल्ली के बाहर भी हो रहा है।

वायु प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के मुख्य सचिव को 10 नवंबर को तलब करते हुए पराली जलाने को रोकने के लिए उठाये गये कदमों पर रिपोर्ट देने को कहा है। दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनवाई को तैयार हो गया है। यह सुनवाई 10 नवंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के समक्ष इस मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की गयी थी। दरअसल, देश में प्रदूषण को लेकर सख्त नियम हैं, लेकिन उन्हें लागू करने वाला कोई नहीं है। पराली का जलाना तो 15 नवंबर तक कम हो जाएगा, लेकिन प्रदूषण का यही कारक नहीं है। राजधानी के पड़ोसी शहरों-गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा और गाजियाबाद आदि-में तो प्रदूषित हवा का स्तर 500 को भी छू चुका है। क्या हमारी सरकारें संवेदनहीन होकर खामोश बनी रहेंगी? क्या पराली जलाने से ही इतना भयानक प्रदूषण होता है? क्या चीन को उदाहरण मानकर और लंदन, मैक्सिको शहरों से सबक लेकर हम प्रदूषण को कम नहीं कर सकते? चीन ने अपने देश में करीब 40 फीसदी प्रदूषण कम किया है, नतीजतन वहां औसत उम्र 2 साल बढ़ गई है। पराली जलाने से औसतन 38 फीसदी प्रदूषण हो रहा है। इनके अलावा कूड़ा जलाना, आग, प्रदूषित उद्योग, चूल्हा जलाना, सडक की धूल, निर्माण-कार्य आदि भी प्रदूषण के बुनियादी कारक हैं। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में गाड़ियों के कारण सबसे ज्यादा प्रदूषण है। जब प्रदूषण ह्यबेहद खतरनाकह्न स्तर पर पहुंच गया, तो दिल्ली में प्रदूषित वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी चस्पा की गई है। जबकि पंजाब और दिल्ली दोनों की बागडोर केजरीवाल की पार्टी के हाथों में है, ऐसे में अब किसानों के लिए बायो-डीकम्पोजर्स की अपनी बहुप्रचारित योजना को लागू करने का पूरा अधिकार है। दिल्ली और पंजाब दोनों जगह आम आदमी पार्टी की सरकार हैं, और इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई करने के सियासत ही होती दिख रही है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि लोगों को स्वच्छ हवा में सांस लेने का बुनियादी अधिकार है और कोई भी समाज पर्यावरण की अनदेखी नहीं कर सकता है। दरअसल, प्रदूषण की समस्या एक दिन की नहीं है। साल भर इससे निपटने और इस मुद्दे पर संजीदा होने की जरूरत है।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# भारत के वैश्विक मंचों पर नेतृत्व की भूमिका निभाने कदम बढ़े

**एडवोकेट किशन भावनानी**

वैश्विक स्तरपर यूक्रेन -रूस युद्ध से तैलीय पदार्थों संबंधी समस्याओं और प्रतिबंधों के दौर से होते हुए अब बात डर्टी बॉम्ब, परमाणु हमलों से लेकर आज जापान के परमाणु त्रासदी झेल चुके हिरोशिमा और नागासाकी शहरों के नामों का उल्लेख कर इसके उपयोग की संभावना को बल दिया गया है, जिससे तीसरे विश्व युद्ध के खतरों का आगाज हो चला है, ऐसी स्थिति में भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 वैश्विक मंच का नेतृत्व करने जा रहा है, जिसके लोगो थीम वेबसाइट भारत के संदेश और दुनिया के प्रति उनकी व्यापकता को प्रतिबिंबित करेंगे वे माननीय पीएम द्वारा गुरुपर्व 8 नवंबर 2022 शाम साढ़े चार बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अनावृत किए, इसकी रूपरेखा के अनुसार 32 विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 200 बैठक में आयोजित होगी जिसमें वैश्विक स्तर की बड़ी-बड़ी हस्तियों के शामिल होने से भारत के लिए गौरव गाथा होगी जो कि भारत की विदेश नीति वैश्विक मंच पर नेतृत्व की भूमिका निभाने की दृष्टि से उभर रहा है। चूंकि जी-20 मंच का नेतृत्व करने का आगाज आज हो गया, इसलिए हम मीडिया, पीआईबी में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत के वैश्विक मंचों पर नेतृत्व की भूमिका निभाने कदम बढ़े।

साथियों बात अगर हम इस अध्यक्षता को भारत में अवसर के रूप में देखने की करें तो हमें अपना दबदबा प्रस्थापित करना होगा जिसके लिए पुरजोर तरीके से अफ्रीका को 21वां सदस्य के रूप में शामिल कर जी-21 करना होगा क्योंकि, तमाम ऐतिहासिक कि स्सों, आजादी के साझा संघर्षों, प्रवासियों के संपर्कों और विकासशील देशों की आवाज को विश्व मंचों पर प्राथमिकता देने जैसे समान आपसी मुद्दों के बावजूद, भारत और अफ्रीका की साझेदारी का एक अहम इम्तिहान होने जा रहा है। अब जब भारत, 1 दिसंबर 2022 से इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने वाला है, जो हमारे पास 30 नवंबर 2023 तक रहेगी तो भारत को ये सुनिश्चित करने की कोशिशें करनी चाहिए कि जी-20 में अफ्रीकी संघ (एयू)- जो 54 विविधता भरी, संप्रभु और नई पहल करने वाली अर्थव्यवस्थाएं हैं- को एक स्थायी और पूर्णकालिक सदस्य के तौर पर शामिल कराना चाहिए, जिससे जी-20 को जी-21 बनाया जा सके।

साथियों बात अगर हम अध्यक्ष बनने की सामायिक परिस्थिति की करें तो, भारत उस वक़्त जी-20 का अध्यक्ष बनने जा रहा है, जब दुनिया में बहुत उठा-पटक चल रही है। नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद अमेरिका और चीन के मतभेद बहुत बढ़ गए हैं। चीन के जहाज और विमान, लगातार ताइवान जलसंधि की मध्य रेखा के पार जा रहे हैं। वहीं, यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध भी बदस्तूर जारी है। जहां ये अनिश्चितताएं अपना सिर उठाए हुए हैं, वहीं इस बात को स्वीकार करना भी बराबर से अहम है कि भारत ने अफ्रीका के साथ अपने साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाने में काफी सकारात्मक कोशिशें की हैं। अफ्रीका को भारत एक ऐसे महाद्वीप के तौर पर देखता है, जो एक गहरा बदलाव ला सकने में सक्षम भागीदार है।

साथियों बात अगर हम जी-20 में भारत की प्राथमिकताओं की करें तो, विदेश मंत्रालय ने कहा कि जबकि भारत की जी-20 प्राथमिकताएं मजबूत होने की प्रक्रिया में हैं, चल रही बातचीत, समावेशी, न्यायसंगत और सतत विकास के इर्द-गिर्द घूमती है, पर्यावरण के लिए जीवन शैली, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा से लेकर वाणिज्य, कौशल-मानचित्रण, संस्कृति और पर्यटन तक के क्षेत्रों में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और तकनीक-सक्षम विकास, जलवायु वित्तपोषण, परिपत्र अर्थव्यवस्था, वैश्विक खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन, आपदा जोखिम में कमी और लचीलापन, विकासात्मक सहयोग, आर्थिक अपराध के खिलाफ लड़ाई और बहुपक्षीय सुधार पर केंद्रित रहेगी। साथियों बात अगर हम अफ्रीका को जी-20 का स्थाई सदस्य बनाने की करें तो, मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हमारी अध्यक्षता के दौरान, भारत, इंडोनेशिया और ब्राजील ट्रोइका बनाएंगे, यह पहली बार होगा जब ट्रोइका में तीन विकासशील देश और उभरती अर्थव्यवस्थाएं शामिल होंगी, जो उन्हें वैश्विक पटल पर एक बड़ी आवाज प्रदान करेंगी। ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है। इसमें 19 देश शामिल हैं, जिनमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा,चीन,फ्रांस,जर्मनी, भारत इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके और यूएस और यूरोपीय संघ (ईयू) आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। साथियों हाल ही में ाीआईआई और ईएक्सआईएम बैंक ने मिलकर कॉन्क्लेव ऑन इंडिया- अफ्रीका प्रोजेक्ट पार्टनरशिप के 17 वें संस्करण का आयोजन किया था। इसमें होने वाली परिचचाओं के दौरान भारत के निजी क्षेत्र और कारोबारियों द्वारा, भारत के आविष्कारों को अफ्रीका तक ले जाने को गंभीरता से बढ़ावा देने की बात उठी थी। उम्मीद है कि चौथी भारत- अफ्रीका फोरम समिट (आई ए एफएस) 2023 में जल्द से जल्द आयोजित की जाएगी। भारत को चाहिए कि वो अपनी अध्यक्षता के दौरान जी-20 में अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य बनाने की मुहिम को अंजाम तक पहुंचाकर, इस अफ्रीकी अवसर का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करे। ये लम्हा भारत के लिए इस लिहाज से अहम है कि वो खुद को अफ्रीका के एक अनूठे साझीदार के तौर पेश करे। साथियों खुशकि स्मती से हाल के वर्षों में अफ्रीका के साथ भारत का संपर्क नियमित और टिकाऊ रहा है। भारत की विदेश और आर्थिक नीति में अफ्रीकीमहाद्वीप की बढ़ती अहमियत अफ्रीका में भारत की बढ़ती कूटनीतिक पहुंच से जाहिर होती है। आज की तारीख में 43 अफ्रीकी देशों के साथ भारत के कूटनीतिक संबंध हैं, ये आंकड़े अपने आप में बहुत कुछ कहते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि वैश्विक नेतृत्व,भारत के वैश्विक मंचों पर नेतृत्व की भूमिका निभाने कदम बढ़े भारत ग्रहण करेगा 32 क्षेत्रों में करीब 200 बैठकें आयोजित होगी लोगों थीम वेबसाइट अनावृतजो कार्यक्रम की व्यापकता प्रतिबिंबित करेंगे।

# पर्यावरण के प्रति मानवीय सजगता जरूरी

**संजीव**

**अपने** देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर है’ इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं’

दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है ,दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय पर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं ।अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है। वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी है’ इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता है’ खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी है’ अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है’ बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला है’ राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही है’ विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता है’ शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना है’ यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है’ इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगा’ टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्त्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफ आदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगी’ पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगा’ इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं है’ पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगी’ इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए। यह अवधारणा यदि किसी भी समाज देश में व्याप्त होगी तभी आर्थिक विकास का पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित हो सकता है। इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है "प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए है व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए नहीं" निर्दोष, निर्मल प्रकृति के दोहन के साथ ही मनुष्य के समाज ने अत्यधिक शोषण किया है। प्रकृति के विनाश के साथ आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं चल सकता है’ यह बात जितने जल्दी मनुष्य को, देश और पूरे विश्व समुदाय को जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना ही आर्थिक तथा पर्यावरण के संतुलन के विकास के लिए शुभ संकेत होंगे।

## एक सफेद बाल

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गुरु** ठनठनलाल अपने चेले ढुलमुलदास को एक किस्सा सुना रहे थे। चेले से बोले - एक थे चिरकुट भैया। कल तक नंबर दो का धंधा करता थे। नंबर दो के धंधे में तीन-पाँच करना पड़ता है। तीन-पाँच करते-करते आज वे नंबर वन बन चुके हैं। भैया से दादा बनने के चक्कर में अनुभव का पोता कहीं पीछे न छूट जाए इसका पूरा ध्यान रखना पड़ता है। जिन चिरकुट भैया को कल तक कोई नहीं पूछता था आज उनसे पूछे बिना कोई किसी काम को हाथ नहीं लगाता था। सब समय का फेर है, न जाने कब तक उजाला और कब तक अँधेर है। राजनीति नंबर वन को कभी पसंद नहीं करती। उसे नंबर दो वाले ही अच्छे लगते हैं। नंबर वन वालों से यह परेशानी होती है कि उन पर न जाने कब नैतिकता का दौरा आ जाए। नंबर दो वाले अपने स्टेटस को बनाए रखने के लिए हमेशा ह्यदो-दोह्न करते रहते हैं। लो-लो कहना इनकी फितरत पर वज्रपात करने के समान होता है। चिरकुट भैया नंबर दो का धंधा पर्दे के पीछे करते थे। पर्दे के आगे करने के लिए विधायक बन गए। उनकी विधायकी ने नंबर दो के धंधे को पवित्रता का पर्याय बना दिया। अब वे सब खुल्लम-खुल्ला करने लगे। धंधे को बढ़ाने के चक्कर में बाल कब सफेद पड़ गए पता ही नहीं चला। सफेद बालों को देखकर कोई चूना न लग दे उसके लिए बालों को काला रखना बहुत जरूरी होता है। नेताओं की बेशर्म बालों वाली खेती को नेस्तनाबूद करने लिए ऐसे नाई की हाजिरी लगाई गई जिसे देखकर बाल-बाल बचने वाले भी काले बालों से बच नहीं पाए।

# ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में कार्यरत महिला पर युवक ने दागी गोलियां, हालत गंभीर





**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** समाधि स्थल पर दर्शन करने गई महिला पर युवक ने चलाई ताबड़तोड़ गोलियां , प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र एवं मौरावां मुख्यमार्ग पर स्थित सन्त मीता साहिब समाधि स्थल से कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने के बाद निजी कार से अपने परिवार के साथ नगर के मोहल्ला जोतपुर स्थित पन्नो साहिब समाधि के दर्शन करने जा रही उन्नाव शहर निवासी ऑर्डिनेंस फैक्टी कानपुर की महिला कर्मी पर एक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया । स्थानीय लोगों ने हमलावर को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया है । वहीं घायल युवती को सीएचसी पुरवा लाया गया जहां हालत गम्भीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हैं किंतु बेहतर इलाज हेतु उस महिला को जिला हॉस्पिटल से कानपुर हैलट के लिए चिकित्सकों द्वारा रेफर कर दिया गया है । यहां पर बताते चलें कि उन्नाव के मोहल्ला पश्चिमखेड़ा सिविल लाइन निवासी महिला अमिता कुशवाहा 35 वर्ष अमार्पुर कानपुर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में कार्यरत है !

मंगलवार को वह कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने एवं अन्य स्थानों के दर्शनों हेतु मां विजयलक्ष्मी, भाई अजय प्रकाश के साथ पुरवा कोतवाली क्षेत्र में कटरा स्थित संत मीता साहब समाधि स्थल दर्शन करने आई थी ! दर्शन के बाद वह परिवार के साथ कार से नगर जोतपुर स्थित पन्नों साहिब समाधि स्थल दर्शन के लिए जाने के लिए गेट से बाहर निकल कर अपनी कार में बैठने लगी । तभी एक युवक ने तमंचे से महिला पर ताबड़तोड़ कई फायर फायर झोंक दिये ! जिसमें एक गोली उसके सिर में और दूसरी गोली गर्दन में धंस गई ! तीसरी फायर करने के लिए युवक जैसे ही तमंचा लोड करने लगा । तभी वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया । तथा उससे तमंचा छीन लिया गया । गोलीकांड की सूचना पर पहुँची पुर्वा कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है । घायल युवती को गम्भीर हालत में सीएचसी लाया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया फिर वहां से उसे कानपुर हैलट भेज दिया गया है । आरोपी युवक गोकुल बिल्हौर कानपुर का निवासी एवं युवती की बड़ी नंद का बेटा बताया जा रहा हैं । घायल महिला के ससुर रामसेवक ने बताया कि उसका एकलौता पुत्र चंद्रभान फौज में हैं । लगभग 4 वर्ष पहले पुत्र के साथ अमिता का विवाह हुआ था । कुछ दिनों तक सब ठीक छाप चलता रहा । उसके बाद से पुत्र और बहू दोनों में अनबन हो गई । तब से वह अपने मायके उन्नाव में रहकर नौकरी कर रही हैं । घटी घटना की पुलिस द्वारा गंभीरता से हर संदिग्ध व महत्वपूर्ण बिंदुओं के तहत जांच की जा रही है ।

# गंगा घाट स्नान करने जा रहे युवक को बोलेरो ने मारी टक्कर,

**अखंड भारत संदेश**
**बांगरमऊ उन्नाव।** जनपद हरदोई थाना कासिमपुर के गांव पथरौली छोटई खेड़ा निवासी प्रमोद 30 पुत्र सुरेश मिश्रा अंकुर 18 पुत्र जुगुल किशोर और नीरज 28 पुत्र प्रकाश अपने गांव से देर रात को कार्तिक पूर्णिमा पर बांगरमऊ में नानामऊ घाट पर गंगा स्नान करने मोटरसाइकिल से निकले थे । अभी वह लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के संडीला बांगरमऊ रोड के पास पहुंचे ही थे। कि तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलोरो ने टक्कर बाइक सवारों को टक्कर मार दी जिसमें



तीनों गाड़ी से उछलकर रोड पर जा गिरे । तीनों को गंभीर चोटें लगी थी अभी वह रोड से उठ भी नहीं पाएं थे कि पीछे से आ रही एक और गाड़ी उनको कुचलते हुए निकल गई । जब यह जानकारी पुलिस को मिली तो तुंरत तीनों युवकों को उठाकर बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया । जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया और एक की हालत गंभीर बनी हुई थी । जिसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है । प्रमोद और अंकुर की मौत हो चुकी थी तीसरे युवक नीरज की हालत गंभीर थी । खबर परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया । पुलिस द्वारा अगली प्रक्रिया को पूरा करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी गई है ।

# आज होगा मुस्लिम युवक-यवतियों का सामूहिक निकाह

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के लोगों की नौ नवम्बर को मुस्लिम युवक-युवतियों के सामूहिक विवाह को लेकर चर्चा हुई। चर्चा में तय हुआ कि विवाह समारोह कमेटी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ठेकेदार के कोलगदहिया स्थित आवास में सम्पन्न होगा। मंगलवार को गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी कर्वी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ठेकेदार ने बताया कि नौ नवम्बर को मुस्लिम समाज के युवक-युवतियों के सामूहिक विवाह की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। सम्मेलन में विवाह से दहेज प्रथा को रोकने में मदद मिलेगी। अभिभावकों ने अपना पंजीयन करा लिया है। दूल्हा-दुल्हन




के कपडे आदि की व्यवस्था अभिभावक खुद करेंगे। लडकी की विदाई के समय कमेटी की ओर से सम्मेलन में आये लोगों को उपहार के साथ तयशुदा सहयोग राशि नकद दी जायेगी। निकाह पंजीकृत काजी, जिनके पास चित्रकूट जिले के मान्यता प्राप्त संस्था का रजिस्टर हो, से ही पढवाकर भविष्य में अदालती पचडों से बचने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में हाजी रज्जन अली, हाजी अख्तर फराज, हाजी अब्दुल जलील, हाजी अफसर उल्ला, हाजी हैदर अली, मुस्ताक अहमद, गुलाब खां, जावेद खां, छोटकू, अस्तफा हुसैन, हफीज भाई, हाजी इकबाल ठेकेदार मौजूद रहे।

## विवाहिता की मृत्यु पर मायके पक्ष ने लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के लोखरी गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीडन का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

आत्महत्या की ये घटना रैपुरा थाना क्षेत्र के लोखरी गांव में मंगलवार को हुई। बताया गया कि निहारिका देवी का विवाह छह वर्ष पहले लोखरी गांव के धीरेन्द्र शुक्ला के साथ हुआ था। उसके तीन बच्चे भी हैं। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि धीरेन्द्र शुक्ला उर्फ कल्लू निहारिका देवी को मारता-पीटता था और दहेज के लिए प्रताडित करता था। कई बार निहारिका देवी ने परिजनों से इस बाबत चर्चा की थी। परिजनों ने कहा कि थोडी-बहुत लडाई-झगडा तो हर घर में होता है। निहारिका देवी के परिजनों ने बताया कि उसे मारकर फांसी में लटकाया गया है।

मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि जब वे निहारिका के ससुराल पहुंचे तो वह चारपाई में लेटी हुई थी। उसने फांसी नहीं लगाई। उसे मारकर टांगा गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## अलग-अलग हादसों में चार की मृत्यु से मचा हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मृत्यु होने पर पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। सभी के परिजनों में हाहाकार मचा है। पहली घटना बरगढ थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर व टैंकर में हुई भिडन्त में एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।
मंगलवार को ट्रैक्टर व टैंकर में भिडन्त की ये घटना बरगढ थाना क्षेत्र में हुई। बताया गया कि फतेहपुर जिले के थाना थरियांव के मिचकी गांव का गोविन्द (24) की मृत्यु उस समय हुई, जब वह ट्रैक्टर में बैठकर डभौरा से प्रयागराज जा रहा था। बरगढ थाना क्षेत्र के आगे ट्रैक्टर व टैंकर में भिडन्त से गोविन्द की मृत्यु हो गई। गोविन्द डभौरा रीवां मप्र में बिजली विभाग में काम करता था। वह सामान लोड करवाकर डभौरा से प्रयागराज जा रहा था।

गोविन्द की मृत्यु से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। इसी क्रम में पहाडी थाना क्षेत्र के खरसेडा गांव में तालाब के अन्दर ट्रैक्टर के नीचे दबने से द्वारिका प्रसाद (68) की मृत्यु हो गई। वह अपने खेत की बुवाई करने को ट्रैक्टर में बीज व खाद लेकर खेत जा रहे थे। रास्ते में तालाब के ऊपर मेड में ड्राइवर की लापरवाही से ट्रैक्टर तालाब में गिरने से जलभराव से द्वारिका प्रसाद की मृत्यु हो गई।

इसके अलावा पहाडी थाना क्षेत्र का मंगलम मिश्रा (23) पुत्र अशोक मिश्रा की अज्ञात कारणों से मृत्यु हो गई। वह बीएससी आईटी का ग्रामोदय विवि का छात्र था। घर से सवेरे पढाई करने को निकला था। जिला मुख्यालय के गंगाजी रोड संतोषी माता मन्दिर के पास उसका शव मिला। अपरान्ह साढ़े तीन बजे पिता को सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे। परिजनों में हाहाकार मचा है। राजापुर से मऊ की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने भंभेट मोड के पास बाइक सवार भोंदू चिकवा (60) छीबों को ठोकर मार दी। सिर में गम्भीर चोंट लगने से उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। मृतक के दो पुत्र कैलाश व दिनेश तथा पत्नी गौरिया का रो-रोकर बुरा हाल है। ट्रक में अधूरा नम्बर लिखा था। सिर्फ यूपी 33 इसके आगे के अंक व अक्षर नहीं थे।

## गैंगेस्टर एक्ट के वांछित के घर कुर्की की नोटिस चस्पा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर रैपुरा थानाध्यक्ष राकेश मौर्य ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित राजेश रैदास पुत्र कल्लू रैदास निवासी चर के घर में कुर्की की नोटिस दरवाजे पर चस्पा की है। गांव में आरोपी की गिरफ्तारी को मुनादी कराई है।

मंगलवार को न्यायालय के आदेश पर रैपुरा थानाध्यक्ष राकेश मौर्य ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित राजेश रैदास के घर में 82 सीआरपीसी के तहत नोटिस चस्पा की है। उन्होंने गांव में मुनादी कराकर राजेश की गिरफ्तारी का ऐलान किया है। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा राजीव कुमार सिंह की टीम ने मुकेश निषाद पुत्र देवपाल निषाद निवासी केवटरहा बाबा घाट को एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में सीओ मऊ शीतला प्रसाद पाण्डेय ने थाना मऊ में बरगढ के विवेचकों का अर्दली रुम कर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचना के लम्बित रखने का कारण पूंछते हुए गुण-दोष के आधार पर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। अर्दली रुम में मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह व बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी व अन्य विवेचक मौजूद रहे। सरधुआ थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने देवकुमार यादव पुत्र रामकिशुन निवासी विलाश को तीस क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान किया है।

# अध्यक्ष ने दलित बस्ती में जलभराव की समस्या का किया समाधान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने शोभा सिंह के पुरवा में दलित बस्ती में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराया। उन्होंने कहा कि किसी की कोई समस्या हो तो वह तत्काल उनसे सम्पर्क कर समाधान करा सकता है।

मंगलवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने एसडीएम कालोनी के शास्त्रीनगर में लोगों की समस्या सुनी। जलभराव की समस्या का तत्काल निस्तारण कराते हुए नगर पालिका ईओ रामअचल कुरील व सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला के साथ विकास कार्यों का निरीक्षण किया। दलित बस्ती के लोगों की मुसीबत बनी जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान कराकर राहत प्रदान की। जलभराव की समस्या



के स्थायी समाधान को जल्द नाली निर्माण कराने का भरोसा दिया। हाल ही में जल निकासी को बडे नाले के निर्माण का स्टीमेट शासन को अनुमोदन को भेजा है। शासन से अनुबंध मिलते ही नाले का निर्माण कराया जायेगा।

पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने शास्त्रीनगर में नगर पालिका से बनाई जा रही सीसी व इंटरलॉकिंग रोड तथा नाली निर्माण का भी निरीक्षण किया। ठेकेदार को हिदायत दी कि निर्माण कार्य में किसी तरह की हीलाहवाली न की जाये। सडक व नाली निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला की अगुवाई में शास्त्रीनगर की नालियों की सफाई कराई गई। सफाई नायक जावेद सिद्दीकी ने दो दर्जन सफाई कर्मियों को लेकर बजबजाती नालियों की विधिवत सफाई कराकर गन्दगी से लोगों को निजात दिलाई। इस मौके पर विकास दुबे, शंकरमणि वर्मा, रामफल, फलिया बाबा, रघुनन्दन सिंह, राजाराम गुप्ता, शारदा पटेल, ओमप्रकाश पाण्डेय, छोटेलाल त्रिपाठी, कैलाश मामा, देवराज कोटार्य आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, मठ-मन्दिरों के पट बन्द



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर भारी तादाद में श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी में डुबकी लगाई। कार्तिक पूर्णिमा को चन्द्रग्रहण की वजह से सभी मठ-मन्दिरों के पट बन्द हैं। भगवान कामतानाथ मन्दिर के बाहर से दर्शन कर लोगों ने पंचकोसी परिक्रमा की। मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड देखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से यूपी-एमपी के प्रशासनिक अधिकारी समेत पुलिस के जवान तैनात रहे। कार्तिक पूर्णिमा पर्व के चलते लाखों श्रद्धालु रामघाट पहुंचे। मन्दाकिनी में स्नान कर पूजन-अर्चन कर भगवान मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में जलाभिषेक किया। कामतानाथ के दर्शन कर पंचकोसी परिक्रमा लगाई। कार्तिक पूर्णिका पर चन्द्रग्रहण होने से श्रद्धालुओं को मन्दिरों में भगवा के दर्शन नहीं हुए। भरत मन्दिर के महंत दिव्यजीवनदास ने बताया कि ग्रहण के नौ घंटे पहले सूतक लग जाते हैं। इसके चलते भगवान के पट बन्द कर दिये जाते हैं। ग्रहण के बाद भगवान के कपाट खोले जायेंगे, तब ही विधिवत पूजन-अर्चन किया जायेगा।

# प्रशासन को गुमराह कर स्कूल संचालक बनवा रहा व्यवसायिक भवन

## विकास प्राधिकरण ने लगा रखी है निर्माण पर रोक

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रभावशाली स्कूल संचालक ने शासन को गुमराह करते हुए आवासीय भवन के स्थान पर व्यवसायिक भवन का निर्माण करा रहा है। विकास प्राधिकरण की लगाई रोक के बावजूद निमार्णाधीन भवन में पर्दे लगाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मंगलवार को शहर के बलदाऊगंज निवासी श्यामलाल व रामचंद्र ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में बताया कि रेलवे स्टेशन के सामने की गली में संचालित सेठ मूलचंद विद्या मंदिर के संचालक



अशोक गुप्ता अपनी पत्नी प्रतिभा के नाम विशाल भवन बनवा रहा है। यह भवन व्यवसायिक है, किंतु इसका नक्शा आवास के रूप में पास कराया गया है, जबकि मात्र दो मंजिला आवासीय भवन का नक्शा पास कराया गया है, जबकि मौके पर चार मंजिला व्यवसायिक भवन बनाया जा रहा है। इस निर्माण को चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने रोक लगाई थी। प्राधिकरण के सचिव के लिखित आदेश के बाद भी काम न बंद होने पर सचिव ने कर्वी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को पत्र भेजकर काम रुकवाया था। कुछ दिन तक काम बंद रखने के बाद अब एक बार फिर निमार्णाधीन भवन में पर्दे लगाकर भवन में पर्दे लगाकर काम शुरू कर दिया गया है। शिकायतकर्ता ने विभागीय अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए बताया कि स्टेशन रोड के अलावा नदी किनारे बनी दूध डेयरी में भी विकास प्राधिकरण के नियमों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने निर्माण को ध्वस्त कराने की मांग की है।

## शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान चलाएगी यूपी सरकार

**लखनऊ । उत्तर प्रदेश** सरकार राज्य में दुश्मन की संपत्तियों पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू कर रही है। इन संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक, "राज्य में दुश्मन की 5,936 संपत्तियों में से 1,826 अवैध कब्जे में हैं।" उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में यह सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए कि पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण अभी भी अवैध कब्जे वाली ऐसी संपत्तियों को मुक्त किया जाए। प्रवक्ता ने उत्तर प्रदेश भूलेख की वेबसाइट का हवाला देते हुए कहा कि 1,467 दुश्मन की संपत्तियों पर माफिया और अन्य ने कब्जा कर लिया है, जबकि लगभग 369 पर सह-अधिकारियों का कब्जा है। वहीं 424 संपत्तियों पर किराएदारों का कब्जा है, जिन्हें कांग्रेस, जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी (सपा) सरकारों के कार्यकाल के दौरान मामूली दरों पर किराए पर परिसर दिया गया था। शत्रु संपत्तियों का सर्वाधिक अवैध कब्जा शामली जिले में है। सह-अधिकारियों के कब्जे के मामले में लखनऊ पहले स्थान पर है। राज्य की राजधानी में भी किरायेदारों के कब्जे में सबसे ज्यादा संपत्तियां हैं।


## यूपी के सात शहरों की प्रदूषण से बिगड़ी हवा

**नोएडा/लखनऊ ।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सात शहरों में शनिवार रात हवा की गुणवत्ता 'खराब' जबकि चार में 'बेहद खराब' दर्ज की गई। 357 के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के साथ, नोएडा राज्य में शीर्ष पर है। इसके बाद मुजफ्फरनगर (332), गाजियाबाद (322) और ग्रेटर नोएडा (312) हैं। खराब वायु गुणवत्ता वाले सात शहरों में झांसी (277), प्रयागराज (275), बागपत (270), कानपुर (236), मेरठ (225), लखनऊ (216) और बुलंदशहर (219) शामिल हैं।

# वृद्ध महिला महिला की चेन लूटी, धक्का देकर हुए फरार

**मथुरा। जनपद के** गोविंद नगर क्षेत्र स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि के आस पास बाइक सवारों ने सोमवार को दिनदहाड़े एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन लूट ली। इसके बाद महिला को धक्का देकर गिरा दिया और शातिर बदमाश फरार हो गए अति इन दिनों चोरों उचक्कों के हौसले बुलंद संवेदनशील श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पास हुई दिनदहाड़े चेन स्नेनिंग की वारदात से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं।
चेन स्नेचिंग की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में एक वृद्ध महिला सड़क पर जाते दिखाई दे रही है। तभी एक बाइक सवार आता है। महिला के आगे से बाइक मोड़कर खड़ा हो जाता है। इसी बीच दूसरा शातिर युवक पीछे से आकर महिला से गले से चेन तोड़ लेता और धक्का देकर महिला को गिरा देता है। वारदात के बाद तेजी में बाइक पर बैठकर फरार हो जाता है।

**अन्य घटना**




परिक्रमा मार्ग पर कुंडल खींच कर बदमाश फरार, कान फटने से लहूलुहान हुई महिला श्रद्धालु
इसी तरह की घटना गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर भी हुई है, जिसमें एक महिला के कुंडल लूट लिए, जिसमें महिला का कान फट गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो दिन पहले एक कानपुर की महिला को भी लूटा गया था। लुटेरे धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को निशाना बना रहे हैं। बांकेबिहारी मंदिर के आसपास भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है।

## संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के एजेंडे में शामिल हुआ जलवायु मुआवजा

**एक दशक से अमीर देश मुआवजा पर औपचारिक चर्चा को करते आ रहे थे खारिज**

**जर्मनी जलवायु वित्तपोषण और नुकसान व क्षति से निपटने में सहयोग देने को तैयार**

**मिस्र।** मिस्र के शर्म अल शेख में शुरू हुए 27वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन (कॉप-27) के एजेंडे में इस वर्ष जलवायु मुआवजा शामिल कर लिया गया है। इससे मुआवजे से भागने वाले विकसित देशों पर दबाव बनाने में भी मदद मिलेगी। भारत की तरफ से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 190 से अधिक देशों के प्रतिनिधि मिस्र पहुंच चुके हैं। प्रतिनिधियों ने जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से जुड़े




नुकसान और क्षति से निपटने पर ध्यान देने समेत इसके वित्तपोषण की व्यवस्था संबंधी मामलों के बारे में चर्चा करने के एजेंडे को मंजूरी दे दी। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से अमीर देश नुकसान और क्षति को संदर्भित करने और बढ़ते तापमान के दुष्परिणामों से निपटने के लिए उनकी तरफ से गरीब देशों को मुहैया कराए जाने वाले धन पर औपचारिक चर्चा को खारिज करते आ रहे थे। बैठक में कॉप-27 के अध्यक्ष मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी ने कहा कि यह सम्मेलन जलवायु को नुकसान पहुंचाने वालों से मुआवजा लेने के मसले पर एक सार्थक निर्णय लेने का पथ प्रशस्त करेगा। जर्मनी की विदेश मंत्री अनालेना बेरबॉक ने कहा कि वे अमीर देशों से अधिक एकजुटता की उम्मीद करती हैं। जर्मनी जलवायु वित्तपोषण और नुकसान व क्षति से निपटने में सहयोग देने के लिए तैयार है। इससे पहले, संयुक्त राष्ट्र के जलवायु वैज्ञानिक पैनल के प्रमुख ने अपने उद्घाटन भाषण में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती और धरती के तापमान में वृद्धि को रोकने के उपायों को तत्काल अपनाने की जरूरत का उल्लेख किया। जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल के प्रमुख होसुंग ली ने कहा, यह हमें अपने ग्रह और आजीविका को बचाने के लिए पीढ़ियों में एक मौका मिला है। दो सप्ताह तक होने वाली इस बैठक में देशों के बीच जलवायु कार्रवाई पर बातचीत होगी।

## हथियार डीलर संजय भंडारी के प्रत्यर्पण को ब्रिटेन की कोर्ट ने दी मंजूरी

**लंदन।** भारत से भागा हथियार डीलर संजय भंडारी जल्द ही वापस भारत लाया जा सकेगा। ब्रिटेन की वेस्टमिंस्टर अदालत ने उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। यूपीए सरकार में उस पर हथियारों के सौदों में विदेशी कंपनियों से 400 करोड़ रुपये से अधिक की दलाली लेने का आरोप लगा था, लेकिन बाद में वह लन्दन भाग गया था।

भारत की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय हुए कुछ हथियार सौदों में विदेशी कंपनियों से 400 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दलाली के रूप में लेने का आरोप लगा था। दुबई की कई कंपनियों में किए गए लेन-देन के दस्तावेज से संजय भंडारी पर हथियार सौदों में दलाली की बात पुष्ट भी हुई थी। इसलिए भारत में सीबीआई और ईडी की तरफ से संजय भंडारी के खिलाफ मनी लान्ड्रिंग के आरोप तय किए गए हैं।

इसी बीच वांछित संजय भंडारी जांच शुरू होते ही भारत छोड़कर भाग गया था। ब्रिटेन में होने के कारण उसे भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। इसके बाद भारत सरकार ने ब्रिटिश सरकार के समक्ष भंडारी के प्रत्यर्पण का अनुरोध प्रस्तुत किया था। 16 जून, 2020 को तत्कालीन ब्रिटिश गृहमंत्री प्रीति पटेल ने भंडारी के प्रत्यर्पण आग्रह को स्वीकार कर लिया था। इसके बाद 15 जुलाई, 2020 को प्रत्यर्पण



वारंट के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था।

भंडारी ने जमानत के लिए वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में अपील की थी। ब्रिटिश अदालत ने उसे 1.20 लाख पाउंड की सिक्योरिटी के साथ अपना पासपोर्ट जमा कराने, मध्य लंदन स्थित घर में नजरबंद रहने और नजदीकी पुलिस स्टेशन में रोजाना हाजिरी लगाने समेत सात शर्तों के साथ जमानत दी थी। संजय भंडारी के जमानत पर रिहा होने के बाद भारत सरकार ने ब्रिटिश अदालत से जल्द प्रत्यर्पण के आदेश देने की गुहार की थी। अब ब्रिटेन की वेस्टमिंस्टर अदालत ने भंडारी के प्रत्यर्पण को अनुमति दे दी है।


भारतीय जांच एजेंसी सीबीआई ने भंडारी को रॉबर्ट वाड्रा के लिए बेनामी संपत्ति खरीद के लिए भी जांच के दायरे में रखा है। भारतीय जांच एजेंसी का दावा है कि भंडारी ने ही वाड्रा की ओर से लंदन में संपत्तियां खरीदीं। विदेश मंत्रालय के साथ साझा टीम भंडारी के खिलाफ सुबूतों व दस्तावेज को मजबूती से पेश करने की तैयारी कर रही है। भंडारी भारत में गोपनीयता उल्लंघन कानून में भी वांछित है। उस पर काला धन सफेद करने और टैक्स चोरी के मामले भी हैं, जिनके आधार पर प्रत्यर्पण की अपील हुई।

## अगले हफ्ते 8 अरब हो जाएगी दुनिया की आबादी, भारत के लिए कैसे बजने वाली है खतरे की घंटी?

**वाशिंगटन।** दुनियाभर की जनसंख्या में अगले हफ्ते बड़ा बदलाव आने वाला है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अगले हफ्ते दुनिया की आबादी आठ अरब पहुंचने वाली है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या विभाग ने कहा कि आने वाले दशकों में जनसंख्या में वृद्धि जारी रहेगी, लाइफ एक्सपेंटेंसी 2050 तक बढ़कर औसतन 77.2 वर्ष हो जाएगी। 15 नवंबर तक, पृथ्वी पर मनुष्यों की संख्या बढ़कर आठ अरब हो जाएगी, जो 1950 में 2.5 अरब की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भारत के लिए खतरे की घंटी बजने वाली है, क्योंकि अनुमान जताया गया है कि देश की जनसंख्या में लगातार बढ़ोतरी होगी और 2050 तक यह 1.7 बिलियन के पार जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र की भविष्यवाणी है कि दुनिया की आबादी 2030 में लगभग 8.5 बिलियन, 2050 में 9.7 बिलियन और 2080 के दशक में लगभग 10.4 बिलियन तक बढ़ती रहेगी। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रेचल स्नो ने कहा, ÷जनसंख्या वृद्धि दर, 1960 के दशक की शुरुआत में चरम पर पहुंचने के बाद, 2020 में नाटकीय रूप से घटकर 1 प्रतिशत से नीचे आ गई है।'प्रजनन दर में निरंतर गिरावट के कारण यह आंकड़ा संभावित रूप से 2050 तक लगभग 0.5 प्रतिशत तक गिर सकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, साल 2021 में, औसत प्रजनन दर प्रति महिला 2.3 बच्चे थी, जो 1950 में लगभग पांच से कम थी, जो कि 2050 तक यह संख्या गिरकर 2.1 हो जाएगी। स्नो कहती हैं, 'हम दुनिया में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं, जहां इस दुनिया के अधिकांश देश और अधिकांश लोग ऐसे देश में रह रहे हैं जो रिप्लेसमेंट फर्टिलिटी क्षमता से नीचे हैं।' वहीं, वैश्विक जनसंख्या वृद्धि का एक प्रमुख कारण यह है कि औसत लाइफ एक्सपेंटेंसी में बढ़ोतरी जारी है।

## अफगानिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तरी बदख्शान प्रांत में सुबह भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गयी। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वे ने कहा बदख्शान प्रांत के कुछ हिस्सों में 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। प्रांत के लिए सूचना और संस्कृति के तालिबान प्रमुख मोइजुद्दीन अहमदी के मुताबिक बदख्शान के शघनान जिले में भूकंप की पुष्टि की गई थी। भूकंप का केन्द्र जुरम जिले में जमीनी सतह से 103 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। बदख्शान प्रांत के फैजाबाद शहर के साथ साथ ही




ताजिकिस्तान के कई क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। वर्तमान में भूकंप से जानमाल के नुकसान के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। अफगानिस्तान में प्राकृतिक आपदाएं, भूकंप, अचानक बाढ़, भूस्खलन और तेज हवा के झोंकों ने देश को जरबदस्त ढंग से प्रभावित किया है। इन आपदाओं से कई लोगों की जान गई है, जबकि कई लोग यहां से विस्थापित हो गए हैं। अफगानिस्तान वर्तमान में दुनिया के सबसे खराब मानवीय संकटों में से एक है जो इस तरह की आपदाओं का सामना कर रहा है।

## अमेरिका के बाद यूके के मंत्री पहुंचे ताइवान, नाराज चीन ने कहा- वन चाइना पॉलिसी का उल्लंघन कर रहा ब्रिटेन

**ताईपे।** चीन ने ब्रिटेन के व्यापार मंत्री ग्रेग हैंड्स के ताइवान दौरे पर पलटवार किया है। चीन ने कहा कि ब्रिटेन वन चाइना पॉलिसी का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ने वन चाइना पॉलिसी पर अपनी प्रतिबद्धता जताई थी, अब वह इससे पीछे हट रहा है। चीन ने कहा कि ब्रिटेन ताइपे के साथ आधिकारिक संपर्क नहीं करने की बीजिंग की चेतावनियों की अवहेलना कर रहा है। गौरतलब है कि ब्रिटिश व्यापार मंत्री ग्रेग हैंड्स दो दिवसीय दौरे पर आज यानी ताइपे पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने सोमवार को बीजिंग में कहा कि दुनिया में केवल एक-चीन है और ताइवान चीन के क्षेत्र का एक अविभाज्य हिस्सा है। चीन किसी भी देश के ताइवान के साथ राजनयिक संबंध या किसी भी आधिकारिक बातचीत को खारिज करता है। एक चीन का सिद्धांत ब्रिटेन-चीन संबंधों का राजनीतिक आधार है।झाओ ने कहा कि ब्रिटेन को चीन की स्थिति का सम्मान करना चाहिए और ताइवान के साथ आधिकारिक बातचीत बंद करनी चाहिए। साथ ही ताइवान की स्वतंत्र ताकतों को गलत संकेत भेजना बंद करना चाहिए। उन्होंने ताइवान के राष्ट्रपति त्साई-इंग-वेन की अध्यक्षता वाली ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) को भी चेतावनी दी। ब्रिटिश व्यापार मंत्री ग्रेग हैंड्स की यह दो दिवसीय यात्रा ना केवल आर्थिक द्रष्टिकोण से बल्कि राजनीतिक रूप से भी खासा महत्व रखती है। यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी उच्च-स्तरीय ब्रिटिश अधिकारी की यह पहली ताइवान यात्रा है। वहीं, पिछले महीने प्रधान मंत्री ऋषि सनक ने चीन के खिलाफ एक कट्टरपंथी होने की खबरों के बीच पदभार ग्रहण किया था।

## विदेश राज्यमंत्री ने ब्रासीलिया में महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**ब्रासीलिया (ब्राजील)।** भारत के विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने दो दिवसीय ब्राजील की आधिकारिक यात्रा के दौरान यहां महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि सिटी पार्क पहुंचे। मुरलीधरन ने राजधानी ब्रासीलिया में स्थित सिटी पार्क में गांधी की प्रतिमा को नमन किया। वह ब्राजील के प्रमुख शहर साओ पाओलो पहुंचे थे। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के फोटो उन्होंने आज सुबह ट्वीट किए हैं। उन्होंने कहा है- 'स्थानीय समुदायों के बीच गांधीवादी मूल्यों और दर्शन के प्रभाव के बारे में जानकर खुशी हुई।' ब्राजील में पिछले सप्ताह



राष्ट्रपति चुनाव के बाद यह उनका पहला उच्चस्तरीय दौरा है। साओ पाओलो में वह भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात कर चुके हैं।

## सुनक करेंगे कॉप 27 में स्वच्छता वृद्धि का आह्वान

**ब्रासीलिया (ब्राजील)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक मिस्र में होने वाले कॉप 27 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व नेताओं को बताएंगे कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई 'नई नौकरियों और स्वच्छ विकास के लिए एक वैश्विक अभियान' बन सकती है। श्री सुनक की बतौर प्रधानमंत्री यह पहली विदेश यात्रा है। रिपोर्ट के अनुसार, श्री सुनक एक वर्ष पूर्व ग्लासगो में कॉप 26 में की गयी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहने के लिए देशों से आग्रह कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन प्रमुख ने कहा कि वैश्विक तापमान वृद्धि को सीमित करने का एक प्रमुख उद्देश्य अभी भी पहुंच के भीतर है। श्री सुनक ने विपक्षी सांसदों और प्रचारकों के विरोध के बाद अपने फैसले कॉप 27 में शामिल न होने के फैसले को उलट दिया और रविवार रात शर्म अल-शेख पहुंचे।

बीबीसी ने बताया कि श्री सुनक संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में अन्य विश्व नेताओं के साथ शामिल होंगे जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी है। वह विकासशील देशों में वनों की रक्षा और हरित प्रौद्योगिकियों के लिए 20 करोड़ पाउंड से अधिक के वित्त पोषण का अनावरण करेंगे। श्री सुनक ने शुरुआत में कॉप 27 निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया था क्योंकि उन्होंने कहा कि वह नवंबर का बजट तैयार करने में बहुत व्यस्त थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने उद्घाटन भाषण में श्री सूनक वैश्विक नेताओं से आगे अधिक तेजी से बढ़ने का आग्रह करेंगे जिससे ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करके जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभाव से बचा जा सकेगा। वह भाषण में कहेंगे कि यूक्रेन पर रूस के हमले ने जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को समाप्त करने के महत्व को मजबूत किया है, लेकिन यह तर्क दिया जाएगा की इस कदम से नए हरित उद्योगों को बढ़ावा मिल सकता है। इस दौरान श्री सुनक फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से भी मुलाकात करेंगे जिसमें इंग्लिश चैनल (समुद्री रास्ते) के जरिए आने वाले प्रवासियों के मुद्दे को उठाए जाने की संभावना है।

## खेरसान में बनी युद्ध की आशंका, यूक्रेन ने रूसी सैनिकों पर लगाए खाली घरों को लूटने के आरोप

**कीव।** यूक्रेन रूस के बीच जारी युद्ध खेरसान शहर को लेकर बड़ी खबर आ रही है। यूक्रेन के प्रमुख प्रांत खेरसान पर रूस के कब्जे के बाद रूसी सैनिकों पर खाली घरों पर लूटपाट के आरोप लग रहे हैं। यूक्रेन का कहना है कि रूसी सैनिकों ने आम लोगों के भेष में आकर इन खाली मकानों को स्ट्रीट फाइट के लिए अपना ठिकाना बनाया है।

रूस और यूक्रेन दोनों ही खेरसान में बनी तनावपूर्ण स्थिति को युद्ध का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव मान रहे है। शहर खाली करवा कर खाली मकानों को युद्ध के लिए बेस बनाने के आरोपों पर फिलहाल रूस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बीते दिनों रूस ने शहर वासियों से शहर



खाली करने आदेश दिए थे। रूस का मानना था कि यूक्रेन इस शहर पर वापस कब्जा स्थापित करने के लिए एक बड़ा हमला कर सकता है।

बता दें कि खेरसान यूक्रेन कि एकमात्र क्षेत्रीय राजधानी है, जिस पर रूस युद्ध के ऐलान के बाद ने कब्जा किया था। जानकारों के मुताबिक इस शहर पर यूक्रेन वापस कब्जा करना चाहता है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस शहर पर कब्जा करने के लिए रूस और यूक्रेन के सैनिक आमने-सामने होंगे।

इस तनावपूर्ण स्थिति में खेरसान शहर की बिजली और पानी की सप्लाई भी काट दी गई है। शहर में मौजूद रूस के अधिकारियों ने यूक्रेन पर बिजली और पानी की सप्लाई काटने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह स्थिति ठीक करने की कोशिश कर रहे है।

वहीं, यूक्रेन का कहना है कि शहर की बिजली रूसी अधिकारियों ने काटी है और स्थिति तब तक ऐसी ही बनी रहेगी जब तक यूक्रेन शहर पर वापस कब्जा स्थापित नहीं कर लेता। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार मायखाइलो पोडोलियाक ने सोमवार को ट्वीट किया कि रूस द्वारा खेरसान निवासियों को उनके घरों से जबरदस्ती बाहर किया जा रहा है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि शहर खाली करवा कर रूसी सैनिक वही कर रहे जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है, 'घरों की लूट'। ट्वीट में मायखाइलो ने लिखा कि जिन लोगों की रूसी सैनिकों को सुरक्षा करनी थी, उन्हें ही लूटा जा रहा है।

## राष्ट्रपति सेना की भूमिका स्पष्ट करें : इमरान खान

**इस्लामाबाद।** आजादी मार्च पर अपने ऊपर हुए हमले के बाद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और मुखर होते हुए सेना पर सवाल उठाते हुए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से सेना मीडिया विंग पर भूमिका स्पष्ट करने और इसकी जांच का आदेश देने का आग्रह किया है।

इमरान खान ने राष्ट्रपति को लिखे और मीडिया द्वारा सोमवार को प्रकाशित किए गए पत्र में, कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सरकार हटने के बाद से, देश को ''झूठे आरोपों, उत्पीड़न, गिरफ्तारी और हिरासत में प्रताड़ना के बढ़ते मामलों'' का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अल्वी को लिखे पत्र में यह भी कहा है कि वह सरकार में ''दुष्ट तत्वों'' के हाथों सत्ता के ''दुरुपयोग'' को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करें। खान ने आरोप लगाया है कि गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह उन्हें बार-बार जान से मारने की धमकी देते रहे हैं और उन्हें सूचना मिली थी कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह तथा एक




वरिष्ठ सैन्य अधिकारी द्वारा उनकी हत्या कराने की साजिश रची जा रही है। खान ने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में हमारे लॉन्ग मार्च के दौरान साजिश को अंजाम दिया गया, लेकिन अल्लाह ने मुझे बचा लिया और हत्या का प्रयास विफल हो गया। उन्होंने राष्ट्रपति से कहा कि वह पाकिस्तान की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाली इन गंभीर चीजों का संज्ञान लें।

गत 27 अक्टूबर को, आईएसआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अहमद अंजुम ने आईएसपीआर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल बाबर इफ्तिखार के साथ यहां एक अभूतपूर्व संवाददाता सम्मेलन किया था और केन्या में पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या तथा सेना के खिलाफ पूर्व प्रधानमंत्री खान के टकराव के बारे में बात की।खान ने राष्ट्रपति से पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई आईएसपीआर की स्पष्ट भूमिका परिभाषित करने और इस बात की जांच का आदेश देने का आग्रह किया कि इसका प्रमुख सार्वजनिक रूप से उनकी निंदा करने और ''झूठा विमर्श'' गढ़ने के लिए आईएसआई प्रमुख के साथ अत्यधिक राजनीतिक संवाददाता सम्मेलन कैसे कर सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री ने अल्वी आग्रह किया कि वह दोषियों की पहचान करने के लिए जांच का नेतृत्व करें और घटना के जिम्मेदार लोगों को दंडित कराएं। उन्होंने अपने पत्र में प्रधानमंत्री कार्यालय से जानकारी लीक होने, साइबर विवाद और सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की भूमिका के संबंध में तीन अलग-अलग बिंदु उठाए। खान ने दावा किया कि तब सरकारी गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन हुआ जब प्रधानमंत्री के रूप में मेरे, सेना प्रमुख और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक के बीच एक कथित सुरक्षित लाइन पर हुई बातचीत मीडिया को 'लीक' हो गई। उन्होंने कहा, इससे बहुत ही गंभीर सवाल उठता है कि कौन या कौन सा संगठन प्रधानमंत्री की सुरक्षित फोन लाइन को अवैध रूप से टैप करने में शामिल था? यह उच्चतम स्तर पर राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन है। पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने पत्र के अंत में अल्वी से देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा किए जाने की बात कही। अल्वी (73) पीटीआई के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। उन्होंने 2006 से 2013 तक पार्टी के महासचिव के रूप में कार्य किया था।

## 20 नवंबर को आम चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार नेपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताई पूरी योजना

**दुबई।** नेपाल के मुख्य चुनाव आयुक्त दिनेश कुमार थपलिया ने कहा कि देश 20 नवंबर को प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए शांतिपूर्ण, सुरक्षित और विश्वसनीय तरीके से अहम चुनाव कराने



के लिए तैयार है। करीब 1 करोड़ अस्सी लाख लोग कर सकेंगे मतदान

देश में दोहरे चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में होगा। सभी प्रांतो में 17.9 मिलियन (करीब एक करोड़ अस्सी लाख) से ज्यादा लोग मतदान के पात्र हैं। संघीय संसद के कुल 275 सदस्यों में से 165 का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से होगा, जबकि शेष 110 का चुनाव आनुपातिक पद्धति से होगा। इसी तरह प्रांतीय विधानसभा के कुल 550 सदस्यों में से 330 सीधे निर्वाचित होंगे और 220 आनुपातिक तरीके से चुने जाएंगे। राजधानी काठमांडू में चुनाव आयोग परिसर में संयुक्त चुनाव अभियान केंद्र के शुभारंभ पर थपलिया ने कहा, विश्वसनीय चुनाव परिणाम हासिल करने के लिए मतदान और मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए आयोग पूरी तरह से तैयार है।

## बैंक कर्मचारी 19 नवंबर को करेंगे हड़ताल

नई दिल्ली। डिजिटल बैंकिंग के दौर में बैंकिंग संबंधी कामकाज के लिए अगर आपको बैंक जाना जरूरी है, तो यह आपके काम की खबर है। दरअसल 19 नवंबर को देशभर के बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर रह सकते हैं। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) ने एक दिन के देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने यह जानकारी दी। बैंक ऑफ बड़ौदा ने रेग्युलेटरी फाइलिंग में बताया कि एआईबीईए के महासचिव ने भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को एक दिन के हड़ताल का नोटिस दिया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।